विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, दीवान, कुर्सी, पलंग, डाइनिंग टेबल, ड्रेसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
शारदा विहार, रेल्वे क्रासिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 348 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 17 सितम्बर 2024 डाक 18 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर देहरादून में टपकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की.....



**देश-विदेश**
निपाह वायरस से कोरोना जैसा हड़कंप शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित और दुकाने खोलने पर प्रतिबंध, आईसोलेशन में 175 लोग



**फीचर पेज**
शिल्पकला के मानक को तय किया देवशिल्पी ने



## आतिशी मार्लेना होंगी दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री, विधायक दल की बैठक में चुनी गईं केजरीवाल की उत्तराधिकारी

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

**आतिशी मार्लेना दिल्ली की अगली मुख्यमंत्री होंगी। मंगलवार को राजधानी में हुई विधायक दल की बैठक में सभी विधायकों और बड़े नेताओं ने उनके नाम का समर्थन किया। आतिशी का नाम नए मुख्यमंत्री की लिस्ट में सबसे आगे था। इसके पीछे कारण यह था कि शराब नीति कांड में अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद दिल्ली के एक दर्जन मंत्रालय आतिशी ने संभाले।**

जिन मंत्रालयों को लेकर केजरीवाल को सबसे ज्यादा चिंता थी, उन्हें आतिशी ने संभाले रखा। आतिशी कई बार जेल में केजरीवाल से मिलीं और उनका मार्गदर्शन लिया।



केजरीवाल और अन्य बड़े नेताओं की गैरमौजूदगी में दिल्ली की जनता से आतिशी ने ही संवाद किया। मीडिया का सामना भी किया। केजरीवाल की नजर में आतिशी का कितना महत्व है, यह इस बात से भी साफ होता है कि उन्हें 15 अगस्त को झंडा वंदन के लिए आतिशी का नाम आगे बढ़ाया। हालांकि वे झंडा नहीं फहरा सकीं।

वहीं आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि सीएम की कुर्सी पर कौन बैठता है क्योंकि जनादेश अरविंद केजरीवाल के लिए था। जनता ने अरविंद केजरीवाल को चुना। उन्होंने कहा है कि वह सीएम पर नहीं बैठेंगे। कुर्सी तब तक है जब तक लोग दोबारा नहीं मांगते लेकिन कुर्सी इन और अगले 5 सालों के लिए अरविंद केजरीवाल की है। चुनाव होने तक हममें से कोई कुर्सी पर बैठेगा, यह उसी तरह होगा जैसे भरत ने अनुपस्थिति में शासन किया था भगवान राम। आज विधायकों से चर्चा होगी और उसमें नाम तय हो सकता है।

## 74 के हुए पीएम, राष्ट्रपति मुर्मू और शाह समेत तमाम दिग्गजों ने दी शुभकामनाएं

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 74 साल के हो गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पीएम के दीर्घायु होने की प्रार्थना की है तो केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री को शांति, करुणा व संवेदना की प्रेरणा बताया है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स के जरिए बधाई संदेश दिया है। लिखा, प्रधानमंत्री जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बल पर असाधारण नेतृत्व प्रदान किया है तथा देश की समृद्धि और प्रतिष्ठा में वृद्धि की है। मेरी कामना है कि आपके द्वारा राष्ट्र प्रथम की भावना से किए जा रहे अभिनव प्रयासों से भारत को एक



विकसित राष्ट्र बनाने का मार्ग प्रशस्त हो। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि आप दीर्घायु हों तथा सदैव स्वस्थ और सानंद रहें।

देश के गृहमंत्री अमित शाह ने ताबड़तोड़ ट्वीट के जरिए अपनी भावनाएं प्रेषित कीं। कहा, मोदी जी ने 'नए भारत' के विजन के साथ विरासत से लेकर विज्ञान तक को जोड़ा है। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व जनकल्याण के संकल्प से अनेक असंभव से लगने वाले कार्यों को संभव बनाकर गरीब कल्याण के नए कीर्तिमान रचे हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तालाब परिसर की साफ-सफाई कर श्रमदान किया



**रायपुर, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

रायपुर के तेलीबांधा तालाब में आज 'स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024' की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ दिलाकर अभियान का शुभारंभ किया. उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के स्लोगन के साथ लोगों को सफाई की शपथ दिलाई गई. छत्तीसगढ़ में स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 1 अक्तूबर तक चलेगा। अभियान की शुरुआत के मौके पर विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, नगरीय प्रशासन विभाग सचिव एस बसवराजू, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह और निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित अन्य अन्य मौजूद रहें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र, छात्र-छात्राएं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। स्वच्छता अभियान में भाग लेने वाले विभिन्न एनजीओ को सम्मानित किया गया और सफाई मित्रों को पीपीई किट का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के 3 करोड़ जनता की ओर से पीएम मोदी जी को जन्मदिन की बधाई दी। 2014 पीएम मोदी ने लाल किला में तिरंगा फहराकर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया था।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भगवान विश्वकर्मा की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में पूर्ण विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने संसार के प्रथम वास्तुकार, निर्माण और सृजन के देवता, भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर सभी श्रमवीरों सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा और मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, हमारे श्रमवीर छत्तीसगढ़ को गढ़ने में सार्थक भागीदारी निभा रहे हैं। श्रम से सृजन की सार्थकता को विश्वकर्मा जी ने ही समाज में स्थापित किया।

### मप्र के मुख्य सूचना आयुक्त बने विजय यादव राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिलाई शपथ



**भोपाल।** पूर्व विशेष पुलिस महानिदेशक विजय यादव मप्र के मुख्य सूचना आयुक्त बन गए हैं। मंगलवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ-साथ सूचना आयुक्त के रूप में उमाशंकर पचौरी (शिक्षाविद्), वंदना गांधी (समाजसेवी) एवं ओमकार नाथ (सेवानिवृत्त जज) ने भी शपथ ली। सूचना आयुक्तों के पद पर नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 10 सितंबर को चयन समिति की बैठक हुई थी, जिसमें मुख्य सूचना आयुक्त के साथ-साथ तीन सूचना आयुक्त के रूप में इनके नामों पर मुहर लगाई गई थी।

## आरजी कर हत्याकांड पर सुप्रीम सुनवाई, कोर्ट ने सीधे प्रसारण पर रोक लगाने से किया इनकार

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता हत्याकांड को लेकर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले से जुड़ी याचिका पर स्वतः संज्ञान लिया था। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ मामले पर सुनवाई की। इससे पहले, अदालत ने बंगाल में प्रदर्शनकारी डॉक्टरों को काम पर लौटने के लिए कहा था। वहीं, सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने सीबीआई द्वारा नए सिरे से स्थिति रिपोर्ट भी मांगी



थी। सीजेआई चंद्रचूड़ ने सुनवाई शुरू होने से पहले कहा, चलिए बहस शुरू होने से पहले कुछ फैसले लेते हैं। कोई भी बीच में नहीं उठेगा और न ही चिल्लाएगा क्योंकि इसे लाइव स्ट्रीम किया जा रहा है। इस दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने मामले में सुनवाई के सीधे प्रसारण को रोकने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि क्या होता है जब आप इस तरह के मामलों को लाइवस्ट्रीम करते हैं, जिसमें बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। हम आरोपी का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं, हमारी 50 साल की प्रतिष्ठा है! इस पर पीठ ने कहा कि यह खुली अदालत है।

यह जनहित का मामला है। वहीं, सिब्बल ने कहा, यह हमारी प्रतिष्ठा के बारे में भी है! मैं कहां हंस रहा था। यह उचित नहीं है! चैम्बर की महिला वकीलों को तेजाब हमले और दुष्कर्म की धमकियां मिल रही हैं। सिब्बल सोशल मीडिया पर पश्चिम बंगाल राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को दी जा रही धमकियों का जिक्र कर रहे थे। इस पर पीठ ने कहा कि वह सुनवाई के सीधे प्रसारण पर रोक नहीं लगाएगी, क्योंकि यह जनहित का मामला है। कोर्ट ने सिब्बल को आश्वस्त किया कि अगर वकीलों और अन्य लोगों को कोई खतरा होगा तो वह कदम उठाएगा।

आपके पास है अवसर गर्व, वैभव और विरासत दर्शाते स्मृति चिह्न पाने का
भाग लीजिये
पीएम मेमेंटो ई-ऑक्शन
17 सितंबर से 2 अक्तूबर 2024 तक
pmmementos.gov.in पर
माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को मिले विभिन्न आकर्षक स्मृति चिह्नों के लिये बोली लगाइये



QR कोड को स्कैन करें
आकर्षक प्रतिमाएं | पारंपरिक कला | क्षेत्रीय कलाकृतियाँ | शिल्प कला
स्मृति चिह्नों को देखने हेतु आयें
नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न ऑर्ट, जयपुर हाउस, नई दिल्ली
समय: 11:00 से 6:00 तक
ई-ऑक्शन से प्राप्त धनराशि "नमामि गंगे" परियोजना में उपयोग की जायेगी।
CBC 09101/13/0009/2425

## आरजी कर केस में ममता के विधायक पर गाज, कई ठिकानों पर ईडी की छापामारी



**कोलकाता, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

आरजी कर मेडिकल कालेज अस्पताल के वित्तीय भ्रष्टाचार मामले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सक्रिय है। ईडी के अधिकारियों की टीम ने मंगलवार सुबह से राज्य में 6 जगहों पर छापेमारी कर रही है।केंद्रीय जांच टीम उत्तरी कोलकाता में तृणमूल डॉक्टर नेता सुदीप्त रॉय के नर्सिंग होम समेत घर व अन्य ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। सुदीप्त श्रीरामपुर से तृणमूल के विधायक हैं। इसके अलावा वह आरजी कर के रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष भी थे। इससे पहले गुरुवार को सीबीआई की जांच टीम ने सिंथी मोड़ के पास बीटी रोड किनारे सुदीप्त के घर पर छापेमारी की थी। यह तृणमूल के डाक्टर नेता भी उस सूची में शामिल हैं जिनके खिलाफ आरजी कर के पूर्व अतिरिक्त अधीक्षक अख्तर अली ने वित्तीय भ्रष्टाचार की शिकायत की थी।

मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. ए.ए. खान
मानसिक रोग विशेषज्ञ
Ex. RESIDENT PSYCHIATRIST, CIP, KANKE (RANCHI) & HOD-PSYCHIATRY, SECL, COAL INDIA
- सेक्स संबंधित समस्या
- मिर्गी, डिप्रेशन, माइग्रेन
- पागलपन, बेहोसी, सिरदर्द
- नींद की कमी, कान में आवाज आना
- बार -बार हाथ धोना, मंदबुद्धि
- उदासी, घबराहट, चिड़चिड़ापन
- गांजा, भांग, शराब की लत छुड़ाना
- बड़ी-बड़ी बाते करना

रविवार से गुरूवार
सुबह: 10 बजे दोपहर 2 बजे तक
गरिमा मेडिको
विकास कॉम्पलेक्स, टी.पी. नगर कोरबा में उपलब्ध रहेंगे
91092 90994 82625 05094 93294 43994 88717 67994 89821 67994 82699 67994

### सुबह टहलने निकले भाजपा पार्षद को बदमाशों ने गोली मारी, हालत गंभीर

**फिरोजाबाद।** लेबर कॉलोनी के पार्षद पर मंगलवार की सुबह कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी। एक गोली पैर में लगने से वह घायल हो गए। वहीं दूसरी गोली पेट से रगड़ कर निकल गई। उन्हें गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर से आगरा रेफर किया गया है। घटना सुबह छह बजे की है। थाना लाइनपार क्षेत्र की लेबर कॉलोनी में रहने वाले भाजपा पार्षद अलीम भोला प्रतिदिन की तरह टहल रहे थे। फ्लाईओवर पर तीन लोगों ने उन्हें घेर कर फायरिंग शुरू कर दी। जिससे आसपास टहल रहे अन्य लोगों में भगदड़ मच गई। गोली लगने से पार्षद वहीं गिर पड़े। इसके बाद हमलावर बाइक से शहर की ओर भाग गए। मौके से कारतूस के चार खोखे बरामद हुए हैं। जानकारी होने पर उनके स्वजन और भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा मौके पर पहुंचे।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# भामसं को मिल रहा कामगारों का समर्थन

-सुदर्शन निर्मले-

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा जयंती को श्रम दिवस के रूप में मना रहा है। इस संगठन को सभी संयंत्रों में व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। खासकर कोयला क्षेत्र में इस बार भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने पहला स्थान प्राप्त किया है और मुख्यालय में एक भव्य रैली भी निकाली गई थी।

कुसमुंडा में राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर के नेतृत्व में इस संगठन ने पुनः पहला स्थान प्राप्त किया है। पहले स्थान पर ले जाने के लिए अमिया मिश्रा, हिरेंद्र चंद्रा, यशवंत साहू, राहुल वर्मा,मोरध्वज भार्गव ने कड़ी मेहनत की है। खासकर अमिया मिश्रा ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर कोयला कामगारों से लगातार चर्चा करते हुए प्रबंधन के सामने मामले को रखा भी है। इसमें उसे सफलता भी आती रही है।

मानिकपुर में शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह, नलीन पवार व मिनीलाल साहू का मानना है कि इस बार भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन में मजबूती आई है और सदस्य संख्या में इजाफा हुआ है। आने वाले दिनों में यहां की समस्याओं को लेकर संघर्ष जारी रहेगा, जिसका लाभ आने वाले दिनों में अवश्य मिलेगा। केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में वेलफेयर कमेटी सदस्य बाबूलाल चंद्रा, राजेंद्र यादव व दादूलाल राठौर का कहना है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष हमारा संगठन बढ़ा है। सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। कोयला कामगारों में उत्साह का संचार हुआ है। यहां की समस्याओं को लगातार उठाने से कोयला कामगार भी प्रभावित हुए हैं।

इसी तरह गेवरा दीपका में भी भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने मजबूती प्रदान की है। इस क्षेत्र में प्रीतम लाल राठौर, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार ने कड़ी मेहनत करते हुए संगठन को एक नंबर में पहुंचाया है। संभागीय अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, एसईसीएल आईआर प्रभारी अशांक सूर्यवंशी, मदन सिंह, लक्ष्मण चंद्रा के नेतृत्व में दीपका क्षेत्र में अचानक सदस्य संख्या में इजाफा हुआ है। इस बार अचंभित करने वाले संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। यहां पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है।



कोरबा जिले में देखा जाए तो भामसं को आगे ले जाने में राष्ट्रीय सचिव आर.एस. जायसवाल, लक्ष्मण चंद्रा, टिकेश्वर राठौर, अश्वनी मिश्रा, अशोक सूर्यवंशी को श्रेय जाता है। विद्युत मंडल में भी लगातार संगठन मजबूत हुआ है। खासकर दर्री क्षेत्र में अध्यक्ष केदार राठौर, सचिव हेतराम खूंटे, भामसं जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनीता जायसवाल, शब्बीर मेमन, मदनमोहन पांडेय, डी. वेंकटराव ने संगठन के मजबूत किया है। समय-समय पर समस्याओं को उठाने से बिजली कर्मचारी संघ का वर्चस्व बढ़ा है। राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने यहां की समस्याओं को रायपुर मुख्यालय में जाकर रखा है। इन समस्याओं को मुख्यालय में ले जाने पर दर्री क्षेत्र में बिजली कर्मचारी संघ लगातार मजबूत हो रहा है। खासकर प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ की चारों तरफ प्रशंसा भी हो रही है।

बिजली कर्मचारी संघ लैंको में कार्यकारी अध्यक्ष भीम चौहान, सचिव शिव पाटले व उपाध्यक्ष योगेंद्र निम्बालकर के नेतृत्व में संगठन बढ़ रहा है। इन नेताओं ने लैंकों में साबित कर दिया है कि बिजली कर्मचारी संघ का वर्चस्व कायम रहेगा क्योंकि वे समस्याओं को समय-समय पर उठाते रहे हैं। भामसं जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा के द्वारा भी जिले में लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं। आने वाले 19 सितंबर को भी पेंशन की बढ़ोत्तरी को लेकर आंदोलन होगा जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

बालको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शरद नायर, महासचिव माखन वर्मा, कोषाध्यक्ष आशीष चंद्रवंशी के नेतृत्व में भी संगठन लगातार मजबूत हो रहा है क्योंकि बालको क्षेत्र में लगातार बैठकों का दौर चलता रहा है। यहां पर भामसं के राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल लगातार बैठक लेते रहे हैं। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंहदेव का भी कोरबा आगमन हुआ था। इनके द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें दिशा निर्देश दिया गया था। प्रदेश महामंत्री दिनेश पांडेय भी पिछले दिनों बालको आए थे। उन्होंने भी यहां कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनका मार्गदर्शन किया था। बालको में हो रहे लगातार बैठकों से कामगार बालको कर्मचारी संघ से जुड़ रहे हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में बालको कर्मचारी संघ और तेजी के साथ उभरेगा।

कोरबा जिले के सभी संयंत्रों में भामसं को समर्थन मिलने से कामगार काफी उत्साहित हैं। इसका असर अन्य क्षेत्रों में भी पड़ रहा है। क्योंकि भामसं ही एकमात्र ऐसा संगठन है जिसका जिले में अपना एक संगठन है। सभी क्षेत्रों को मिलाकर एक कार्यकारिणी बनाई गई है। इस कार्यकरिणी के द्वारा प्रत्येक माह कुछ न कुछ आंदोलन किए जाते हैं। भामसं को लगातार राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष टिकेश्वर राठौर, संभागीय अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा, पर्यावरण प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा, एसईसीएल आईआर प्रभारी अशोक सूर्यवंशी, शैलेंद्र सिंह सहित सभी वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन मिल रहा है।

## कानून व शांति व्यवस्था बनाने के लिए थाना क्षेत्रों में निकाली फ्लैग मार्च

**कोरबा।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन पर जिले में त्यौहारी सीजन पर कानून व शांति व्यवस्था बनाने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।

ईद मिलादुन्नबी व गणेश पर्व को लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नेहा वर्मा व एसडीओपी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी व प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार कटघोरा भूषण सिंह मंडावी के नेतृत्व में कटघोरा पुलिस, बांगो व पाली थाना के पुलिस स्टाफ ने फ्लैग मार्च निकालकर त्यौहार में लोगों से शांति व्यवस्था बनाने अपील की। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने लोगों से अपील करी है की कानून व्यवस्था का पालन करें। कानून का पालन नहीं करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी, वही कटघोरा तहसीलदार व थाना प्रभारी ने कहा की फ्लैग मार्च निकालकर एक संदेश दिया जा रहा हैं ताकि लोगो मे व नगर में शांति व्यवस्था बनी रहे। कटघोरा तहसीलदार भूषण सिंह मंडावी ने कहा में कटघोरा पुलिस व जिला प्रशासन आगामी त्यौहार, अनंत चतुर्दशी और ईद मिलादुन्नबी को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। शहरवासियों में सुरक्षा और शांति का भाव सुदृढ़ करने और पुलिस की पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का संदेश देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक व जिला कलेक्टर के निर्देशन में रविवार की शाम पुलिस फोर्स द्वारा शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया।

## एटक के जेसीसी सदस्य ने समर्थकों के साथ बीएमएस की ली सदस्यता

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन शाखा बगदेवा द्वारा बीएमएस श्रम संगठन में प्रवेश करने वाले नए कार्यकर्ताओं का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया। बगदेवा खान में वरिष्ठ फोरमैन के रूप में कार्यरत दिनेश कुमार बंजारे जो एटक श्रम संगठन में लगभग 30 वर्षों से निरंतर कार्य करते आ रहे थे। वर्तमान में बगदेवा शाखा के इकाई जेसीसी सदस्य थे, उन्होंने अपने सहयोगियों प्रेमलाल नारंग, प्यारेलाल बंजारे, मनोज बनाफर (फोरमैन), सदन सिंह (वरिष्ठ इलेक्ट्रीशियन) आदि अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बीएमएस संगठन की रीति-नीति, कार्यकलापों से प्रेरित होकर वर्ष-2024 की सदस्यता ग्रहण की है। बीएमएस शाखा बगदेवा की ओर से उपक्षेत्रीय कार्यालय, ढेलवाडीह में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर के महामंत्री अशोक सूर्यवंशी की उपस्थिति में शाखा अध्यक्ष दिनेश कुमार कुंभकार, सचिव बंधन दास महंत एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा नए सदस्यों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

## ईद मिलादुन्नबी पर किया गया परचम कुसाई

**कोरबा।** ईद-ए-मिलाद-उन-नबी कोरबा जिले में धूमधाम मनाया गया। इस्लाम धर्म में हर साल रबी उल अव्वल महीने की 12 तारीख को मिलादुन्नबी को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी मनाया जाता है। 12 रबी उल अव्वल को इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। पैगंबर मोहम्मद का जन्म मक्का में हुआ था। उन्होंने अल्लाह के संदेशों को सभी तक पहुंचाया। इस त्योहार को नबी मुहम्मद के जीवन और उनके संदेश के प्रति समर्पित रूप से मनाया जाता है। कोरबा जिले में ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर सभी मस्जिद व मदरसों में परचम कुसाई किया गया। परचम कुसाई शहर काजी कारी सैय्यद सब्बीर अहमद असरफी व सुन्नी मुस्लिम जमात के हाजी अखलाक खान के द्वारा मदरसा अशरफिया पुरानी बस्ती कोरबा में किया।

## 1320 मेगावाट सुपर क्रिटिकल विद्युत संयंत्र का जल्द जारी होगा कार्यादेश : कटियार

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार ने कहा कि सभी अभियंताओं के कठोर परिश्रम व कार्य के प्रति समर्पण का ही परिणाम है कि पूरे भारत वर्ष में विद्युत कंपनी प्रथम स्थान पर है। नए 660-660 मेगावाट दो इकाई वाले सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना का जल्द कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा। 1200 मेगावाट की प्रस्तावित पंप स्टोरेज बांगो परियोजना भी प्रक्रियाधानी है। मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में एक अन्य इकाई के प्रस्ताव का लिए भी डीपीआर पर कार्य जा रही है।

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र परिसर स्थित रवींद्र सांस्कृतिक भवन कोरबा में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्मदिवस को अभियंता दिवस के रुप में मनाते हुए आयोजित गोष्ठी में एमडी श्री कटियार ने कहा कि चुनौतियों से हार मान कर नहीं बैठना है, वरन उनका मिलकर सामना करना है और समाधान निकालना है। उन्होंने सभी अभियंताओं के भीतर विश्वेश्वरैया के होने की बात कही। कार्यक्रम में विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक आर.के. शुक्ला व संघ के प्रांताध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वर्तमान परिपेक्ष्य में कंपनी के समक्ष भविष्य में आने वाली चुनौती एवं संभावनाओं पर वरिष्ठ अभियंताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही विश्वेश्वरैया के जीवन से सीख लेते हुनए कुछ मूलभूत दीर्घ एवं सफल जीवन के सूत्र व निष्कर्ष पर पहुंचे। इसमें प्रमुख रुप से अपने किसी भी कार्य को अनुशसन में रह कर और समय सीमा से पहले करना शामिल है। राज्य विद्युत कंपनी में केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी अंतरिम सूची में नंबर वन स्थान छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी मर्यादित को मिला है। इसका मुख्य कारण मड़वा ताप विद्युत गृह एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत संयंत्र का लगातार अच्छा प्रदर्शन रहा है। वक्ताओं ने कहा कि प्रतिबद्धता एवं समर्पण दो ऐसे गुण है, जिसे दिल से अपना कर किसी भी कार्य में सफलता हासिल की जा सकती है। अभियंताओं ने मंथन किया कि अभी नंबर वन हैं और आगे भविष्य में भी नंबर वन बने रहता है तो निश्चित कठोर परिश्रम करना होगा और अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। इसके लिए कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता 2978.7 मेगावाट है। प्रदेश में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास से बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है और भविष्य की आवश्यकता को देखते हुए कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र की स्थापना के लिए 29 जुलाई 2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमिपूजन किया था। 1320 मेगावाट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर स्टेशन प्रदेश का सबसे बड़ा और आधुनिक संयंत्र होगा। संयंत्र स्थापना से उत्पादन क्षमता बढ़ कर 4298.7 मेगावाट हो जाएगा। इसके साथ ही पंप स्टोरेज हाइडल पावर प्लांट की भी प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। प्रबंधन थर्मल व हाइडल पावर प्लांट निर्माण के लिए दिसंबर तक निविदा जारी कर कार्यादेश देने की संभावना जताई जा रही है।

## तीर से गला रेत पति ने पत्नी की कर दी हत्या

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले खूनी वारदात का खौफनाक मामला सामने आया है। पति ने अपनी पत्नी की तीर से गला रेतकर हत्या कर दी. इसके बाद आरोपी खुद फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर लिया। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया. मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

वहीं जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। यह पूरा मामला श्यांग थाना अंतर्गत ठेंगरीमार गांव का है. जानकारी के अनुसार, गांव में एक घर में जगन्नाथ मंझवार (37 वर्ष) अपने परिवार के साथ रहता था। जगन्नाथ मंझवार रोजी-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक 12 वर्षीय पुत्र और बूढ़ी मां इतवारो बाई भी रहती थी। सोमवार की शाम जगन्नाथ और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई शुरू हुई। पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ता देख जगन्नाथ की मां पोते को लेकर घर से बाहर चली गई. उसके कुछ देर बाद जब आकर देखी तो उसके होश उड़ गए।

## तकनीक के जादूगर थे भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वश्वरैया : पटेल

**कोरबा।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में प्रगति नगर दीपका आफिसर क्लब में भारत रत्न मोक्ष गुंडम विश्वश्वरैया की जयंती मनाई गयी। सबसे पहले अतिथियों द्वारा उनके छाया चित्र पर पुष्पहार अर्पित कर द्वीप प्रज्वलित किया गया।



सादे किंतु गरिमामय समारोह को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि सही मायने में भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वश्वरैया तकनीकी जादूगर थे। आधुनिक युग के साक्षात विश्वकर्मा थे, उन्होंने देश और विदेश में कई बड़े-बड़े बांध का निर्माण किया जो आज भी सुरक्षित है, उनमे दरार भी नहीं है। पूर्व छत्तीसगढ़ खाद्य आयोग के सदस्य हरीश परसाई ने कहा कि महान अभियंता ने तकनीकी क्षेत्र में कई ऐसे कार्य किए जिसको अंग्रेजों ने भी अमल किया, यहां एशिया के सबसे बड़े खदान है जिसको यहां के इंजीनियर साथी मेहनत करके आगे बड़ा रहे हैं। पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के अधिकारी देवघर महंत, डिप्लोमा अभियंता संघ महासचिव कोलकाता समीर देवनाथ ने अपने संयुक्त वक्तब्य में कहा कि दीपका में पिछले ग्यारह वर्ष से अभियंता दिवस को मानते आ रहे हैं वह सराहनीय कार्य है, आज के समय में अपने अधिकारों को मांगना नहीं छीनना पड़ता है।

इस अवसर पर समाज सेवी आस्था महंत अंबिकापुर, प्रबंधक संतोष कोणार्क, प्रबंधक राजेश धनविजय, प्रबंधक मनोज मिश्रा, प्रबंधक जयप्रकाश यादव, प्रबंधक विवेकानंद पटेल, इंजीनियर नवीन क्षत्री, सीताराम गुप्ता, प्रदीप तिवारी, डी.आर. देवांगन, सनत साहू, दीपक राठौर, संजय राठौर, ललित राठौर, सालिक राम साहू, संदीप मानिकपुरी, अनूप दुबे सहित चिरमिरी, बैकुंठपुर, शहडोल, रायगढ़, जमुना कोतमा, बिलासपुर से अभियंता शामिल हुए। खैरागढ़ संगीत विद्यालय के कमलेश शर्मा, संजू चौहान, मनोज जायसवाल, दीपक महंत, राहुल तिवारी, चतुर्वेदी ने गीत गजल से सबका मन मोह लिया।समारोह के संयोजक व सूत्रधार पोषक महंत ने कुशल संचालन किया तथा उप संयोजक शिवचरण प्रसाद राठौर ने आभार प्रदर्शन किया।

## ओजोन दिवस पर किया कार्यक्रम

**कोरबा।** ओजोन दिवस के मद्देनजर सोशल अवेयरनेस फैलाने के मकसद से आईपीएस दीपका के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार से जागरुकता फैलाने का प्रयास किया गया। बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियों से रूबरू करवाते हुए विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों से चर्चा की। इस दौरान बच्चों ने जाना कि कुदरत ने मां प्रकृति को निमित्त बनाकर मानव जीवन को व्यवस्थित व सुचारू रूप से चलाने के लिए प्रत्येक का पोषण हेतु व जीवन जीने योग्य अनुकूल वातावरण बनाये रखने के लिये पंच तत्वों (जल अग्नि पृथ्वी वायु आकाश) के माध्यम से निःशुल्क व निस्वार्थ भावना से मानव के साथ साथ अन्य प्राणियों व वनस्पतियों की सेवा करती है व बदले में हम प्राणियों से किसी भी तरह की वसूली नहीं करते कुदरत द्वारा प्रदत्त सर्व संसाधन निःशुल्क होते हैं, साथ ही अन्य जीवों के तुलना में मनुष्यों को विवेक अर्थात बुद्धि से नवाजा है जिससे कि हम सहीं गलत की पहचान कर सकें व सहीं रास्ते पर चल सके पर मनुष्य के लोभ- लालच महत्वाकांक्षाओं, कामनाओं, आवश्यकताओं के वशीभूत होकर मनुस्य निरंतर अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु प्रकृति का दोहन कर प्रकृति को नुकसान पहुंचाता ही रहा यहां तक कि उसे यह ज्ञात होने के बावजूद की धरा पर संसाधनो की भी एक सीमा है उसके बावजूद भी स्वार्थी भाव से अगली पीढ़ी का ख्याल किये बिना अगली पीढ़ी के लिये उपयोग हेतु कुछ छोड़ने की भावना मन मे नहीं रखे व हर तरह से प्रकृति को नुकसान पहुंचाते रहे चाहे वह कभी पेड़ काटकर कभी गाड़ियों द्वारा तेलों का दोहन कर कभी कोयले का दोहन कर कभी कुछ तो कभी कुछ हर तरफ से जल, भूमि, वायु प्रदूषण करते रहे उसमे से एक है कॉर्बन मोनो ऑक्साइड के द्वारा होने वाली नुकसान के फलस्वरूप ओजोन लेयर में छिद्र होना दरलसल सूर्य के रोशनी से पेड़ पौधों के साथ साथ प्राणियों को भी विभिन्न तरह के फायदे होते हैं पर जिस तरह चाय को छानकर पिया जाता है जिसके लिये चायछन्नी की आवश्यकता होती है अगर चाय की छन्नी में एक बड़ा सा छिद्र हो जाये तो चाय में चाय की पत्तियां भी आ जाएंगी बिल्कुल उसी प्रकार सूर्य से निकलने वाली ऊर्जा में उसकी पराबैंगनी किरणे भी होती है जिससे कि जब वह सीधे धरती पर पहुंचती है तो प्राणियों तथा वनस्पतियों पर नकारात्मक प्रभाव डालने लगती है जिसके लिए मां प्रकृति ने एक व्यवस्था की है।

# मंत्री देवांगन ने सीसीटीवी कैमरा के इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण किया

**कोरबा।** कोरबा में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्मित अपराध रोकथाम एवं विवेचना के लिए स्थापित सीसीटीवी कैमरे के इंटीग्रेटेड कमान और कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने किया। कैबिनेट मंत्री द्वारा इंटीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर (आईसी-3) का फ़ीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी यह योजना काफी महत्वपूर्ण है।

शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगे कैमरे से निगरानी की जा सकेगी। किसी भी आपदा के समय भी इस सिस्टम के ज़रिए बेहतर काम किया जा सकेगा। अपराध पर और अपराधी इससे नज़र में रहेंगे। शहर भर में लगने वाले विशेष कैमरों के ज़रिए ट्रैफिक सिस्टम तथा अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी और नियंत्रण के लिए यह बेहतर साबित होगा। मंत्री देवांगन ने कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को शहर के मुख्य मार्गों से वार्डों को जोड़ने वाली सड़कों का भी सर्वे कर उन जगहों पर भी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।





ज्ञात हो कि आईसी-3 के माध्यम से पुलिस शहर के चौक चौराहे की सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखेगी। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पुलिस को सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से अपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस के द्वारा 6 जोन निर्धारित किया गया है 6 जोन के अलग-अलग चौक चौराहों पर कुल 336 सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। सभी कैमरा को अलग-अलग जोन में रखा गया है जिसमें कोसाबाडी जोन, टीपी नगर जोन, कोरबा जोन, दरी जोन, बालको जोन, सर्वमंगला जोन में कैमरा लगाए गए हैं जिसकी निगरानी पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्मित आईसी-3 में किया जाएगा। मुख्य चौक चौराहों को चिन्हित कर एएनपीआर (नंबर प्लेट स्कैनिंग कैमरा) को भी लगवाया गया है जिसके माध्यम से नंबर प्लेट को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना में इसके माध्यम से पुलिस को सहायता मिलेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निर्मित भवन इंटीग्रेटेड कमान और कंट्रोल सेंटर (आईसी-3) में साइबर फॉरेंसिक टूल्स भी स्थापित किए गए है जिस में मोबाइल फॉरेंसिक सॉफ्टवेयर, इमेज वीडियो फॉरेंसिक, कंप्यूटर सिस्टम, सीडीआर एनालिसिस टूल्स, इमेज एंड क्लोनिंग सॉफ्टवेयर, डाटा एनालिसिस सॉफ्टवेयर शामिल है।इन सबके माध्यम से पुलिस को साइबर संबंधी अपराध विवेचना में मदद मिलेगी।

आगामी त्यौहारो को मद्देनजर रखते हुए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कोरबा पुलिस के द्वारा 4 चीता स्क्वाड की भी शुरुआत की गई है। जिसका शुभारंभ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मुख्य अतिथियों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। चार चीता स्क्वाड के माध्यम से शहर के थाना कोतवाली, सिविल लाइन रामपुर, दर्री और मानिकपुर क्षेत्र के गली- गली में जाकर बाईक पेट्रोलिंग से अपराधों पर अंकुश लगाने में पुलिस को सहायता मिलेगी। इसके पश्चात अथितियों के द्वारा ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा में यातायात जागरूकता संबंधी स्टेपनी कवर और पोस्टर लगा कर शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि अब चौक चौराहों में फ्लेक्स, पोस्टर आदि लगा कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जायेगा। उसके बाद मुख्य अतिथियों के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण किया। लोकार्पण कार्यक्रम में महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर, कलेक्टर अजीत वसंत भी उपस्तिथ हुए।

## सेवा पखवाड़ा में कई काम करेंगे भाजपा कार्यकर्ता

**जांजगीर।** भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप मे मनाएगी, जो 17 सितंबर से से 2 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम के जिला संयोजक अभिमन्यु राठौर ने बताया कि पूरे जिला व मंडल स्तर पर सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे। रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, आयुष्मान भारत योजना का स्वस्थ शिविर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती, सचित्र प्रदर्शनी, संगोष्ठी, पोधरोपण आदि कार्यक्रम होंगे।

# नियमितीकरण नहीं करने से नाराज समितियों के आपरेटर करेंगे हड़ताल

**जांजगीर-चाम्पा।** समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ अपने 2 सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर जांजगीर-चाम्पा सहित उप पंजीयक सहकारी संस्थाए, जिला विपणन अधिकारी व जिला नोडल अधिकारी, जिला खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि अगर 18 सितंबर तक मांग नहीं होने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। जिला सहकारी समिति कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के जिलाध्यक्ष चंडी सिंह ने बताया कि धान खरीदी कम्प्यूटरीकरण वर्ष 2007 से डॉटा एंट्री आपरेटर विगत 17 वर्षों से कार्यरत हैं। समर्थन मूल्य धान खरीदी के तहत धान उपार्जन केन्द्रों में कार्यरत डॉटा एंट्री आपरेटर का विभाग तय कर नियमितीकरण किया जाएगा। नवीन वित्त निर्देश 22-2023 के अनुसार



संविदा वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि का लाभ प्रदान कर 23350 रुपए मासिक संविदा वेतनमान अगस्त 2023 से दिया जाए।

उपरोक्त आंदोलन में प्रदेश भर के सहकारी समिति के धान उपार्जन केन्द्रों में कलेक कार्यरत 2739 डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल होंगे, जिससे भारत सरकार और छग शासन के वर्तमान में चल रहे किसानों के जनकल्याणकारी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रभावित होंगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष कमलेश, सचिव गणेश देवांगन, लकेश साहू, रामविलास बरेठ, कोषाध्यक्ष जगेश बरेठ, आशुतोष आदित्य, मनीष सिंह, खगेश कुमार बरेठ, अभिषेक सिंह, शेखर प्रसाद धीवर, राकेश साहू, रामखिलावन बरेठ, अमित कश्यप, अर्जुन साहू, कौशल कटकवार सहित बड़ी संख्या में समिति के कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे।

## यादव समाज का रायपुर में महासम्मेलन 30 को

**जांजगीर चांपा।** यादव समाज प्रदेश में यादव जन जागरण यात्रा चला रहा है। इसके माध्यम से विभिन्न संगठनों और वर्गों में बांटे समाज को संगठित कर अपनी एकता का प्रदर्शित करने 30 सितंबर को रायपुर में एक महासम्मेलन का आयोजन कराया गया है। जगनीक यादव ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में समाज को संगठित कर मांगों को लेकर उनका सम्मेलन यादव समाज की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने मांगों के संदर्भ में बताया कि वनांचल क्षेत्र में रहने वाले यादवों को वन अधिकार पट्टा दिया जाए, दूसरा केंद्र सरकार के पिछड़ा वर्ग की सूची में छत्तीसगढ़ के रावत जाति को सम्मिलित किया जाए।

## इस महीने में जन्में वरिष्ठ नागरिकों का कार्यक्रम में हुआ सम्मान

**अकलतरा।** वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक नगर के कुंवर भुवन भास्कर सिंह स्कूल परिसर में स्थित वरिष्ठ नागरिक मंच के कार्यालय भवन में आयोजित हुई। वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने राजभाषा हिंदी में लिखी गई अपनी कविता प्रस्तुत की। सितम्बर में जन्म लेने वाले वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्य धारी सिंह और धनाराम साहू का शॉल व श्रीफल से आरसी मिश्रा और आशा लता सिंह ने सम्मान किया।

नगर के थाना रोड व मस्जिद रोड में सड़क निर्माण कार्य नगर के समस्त वार्डों में पर्याप्त रोशनी के लिए नई स्ट्रीट लाइट लगाने और नियमित रूप से सफाई करवाने के लिए नगर पालिका परिषद कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। नगर स्थित विभिन्न बैंक की शाखों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर खोलने, अयोध्या दर्शन के लिए आवेदन भी दिया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा मंच के सदस्यों के मनोरंजन के लिए हाऊजी प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महेश बनाफर, द्वितीय स्थान गजेंद्र नाथ सोनी और तृतीय स्थान ठाकुर राम देवांगन ने प्राप्त किया। बैठक में रामभरोस कैवर्त, राजेन्द्र जैन, जय कुमार अग्रवाल, भरत सिंह चंदेल, महेश बनाफर, रामाधीन यादव और वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हर तरफ व्यापकता के साथ स्वीकार्य हो रही हिन्दी

**गोधना।** नवीन शासकीय महाविद्यालय केरा में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य बीके पटेल के निर्देश में किया गया। संचालन हिंदी प्राध्यापक कृष्णा यादव व गणित के प्राध्यापक धनेश्वर प्रसाद चंद्रा द्वारा किया गया। अध्यक्षता डॉ. हेमचंद जांगड़े ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी जन मन की भाषा है और इसका क्षेत्र अत्यंत व्यापक है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है।



अतः हम सब को हिंदी का इस्तेमाल अधिक से अधिक करके इसके प्रचार प्रसार में योगदान देना चाहिए। प्रोफेसर निर्मल अग्रवाल ने कहा कि हिंदी हमारी राजभाषा है और हम सबका फर्ज है कि हम अपनी भाषा का हृदय से सम्मान करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर हेमपुष्पा चंद्रा, प्रियंका चंद्रा, रिद्धि वैष्णव, विनीता कश्यप, प्रभात कुमार जांगड़े, ओम प्रकाश राठौर सहित विद्यार्थी खुशबू, न्यासा, मुस्कान, लक्ष्मी, दीपिका कैवर्त्य, रोशनी देवांगन, जागृति मांझी, कमल देवांगन, विजय आदित्य, योगेश कुमार उपस्थित रहे।



बाराद्वार। विदाई का दौर... गणपति बप्पा मोरया अगले बरस जल्दी आ के नारे लगे

## जुआ सट्टा खेलने व खिलाने वाले 02 आरोपी को अलग-अलग प्रकरण में किया गया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा जुआ सट्टा खेलने व खेलाने वाले 02 आरोपी को अलग-अलग प्रकरण में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में जिले में जुआ सट्टा पर अंकुश लाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम नवागढ़ से जरिए मुखबीर से सूचना मिला की किरित का आरोपी राकेश कुमार साहू पिता माखन लाल साहू उम्र 34 निवासी किरित द्वारा राछा भाटा नवागढ़ चौक के पास मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा खेला रहा है एवं खेल रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ और गवाह के साथ रेड कार्यवाही किया गया। जो आरोपी अपने मोबाइल से श्रीदेवी नाइट्स, कल्याण, मुंबई, जैसे सट्टा में लगातार रुपए पैसे ऑनलाइन लगा रहा था एवम कई लोगो से पैसे लेकर भी आनलाइन सट्टा में पैसे लगा रहा था, उसके मोबाइल में ट्रांजेक्शन हिस्ट्री देखा गया जो आरोपी लाखो रुपए का सट्टा खेल/ खेला रहा था आरोपी के मोबाइल को कब्जे में लिया गया।

इसी प्रकार आरोपी राकेश कुमार साहू पिता खेमन लाल साहू किरित थाना नवागढ जो राछा में सट्टा खेलने/खेलाने का सूचना प्राप्त होने ओप्पो कंपनी का मोबाइल एवम जिस मोटर सायकल होंडा लियो सी जी 22 त 9515 में घूम घूम कर सट्टा खेल / खेला रहा था को गवाहों के जप्त किया गया, आरोपियों का कृत्य धारा 6,7 छ.ग.जुआ प्रति.अधि.2022 के अर्तगत पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमाक 353/24 एवं 354/24 कायम कर गिरफ्तार किया गया, एवं माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कश्यप म.प्र.आर.स्वाति गिरोलकर, आरक्षक टुकेश्वर डडसेना, कुलदीप खूंटे, जनक कश्यप, बलराम यादव, श्याम कुमार शांतेय का सराहनीय योगदान रहा।

## कांग्रेस जन मनाएंगे ठा. छेदीलाल बैरिस्टर की पुण्य तिथि

**जांजगीर।** छत्तीसगढ प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर छेदी लाल बैरिस्टर जी की पुण्य तिथि 18 सितंबर दिन बुधवार को सुबह 10.30 बजे से जांजगीर पुराना कचहरी चौक के पास स्थित उनके प्रतिमा स्थल के पास मनाई जाएगी जिसमे प्रदेश कांग्रेस, ज़िला कांग्रेस , ब्लाक कांग्रेस, सेवा दल, युवक कांग्रेस,एनएसयूआई, अनुसूचित जाति, जनजाति,अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, किसान कांग्रेस, नगरीय निकाय, त्रि स्तरीय पंचायती राज आदि के पदाधिकारियों ,सदस्यों, कांग्रेस जनों को उपस्थित होने की अपील रमेश पैगवार,कार्यकारी जिला अध्यक्ष,जिला कांग्रेस ने किया है

## फूल माला प्रतियोगिता में विजेता बच्चों का संस्था ने सम्मान किया

**नवागढ़।** विद्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवम एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ में स्थापित गणेश जी के लिए विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा फूलमाला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बहुत सुंदर माला बनाकर लाया गया जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चे भी शामिल हुऐ। प्रथम द्वितीय और तृतीय चतुर्थ एवम पंचम स्थान के छात्र छात्राओं को मेडल और पुरस्कृत राशि द्वारा पुरस्कार किया गया तथा अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार और पेन से पुरस्कृत किया गया।



## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर के नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने गणपति बप्पा के दर्शन किए



**जांजगीर।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक-14 सितम्बर 2024 को प्री-प्रायमरी के नन्हे-मुन्हे बच्चों को भारतीय संस्कृति से अवगत कराने के उदेश्य से जांजगीर स्थित विभिन्न गणेश पंडालों में विराजित भगवान श्री गणेश जी के दर्शन एवं वहाँ के झांकियों को दिखाया गया। सर्वप्रथम संस्था प्रागंण से शिक्षक-शिक्षिकाओं के सरक्षंण में प्री-प्रायमरी के विद्यार्थियों को सुरक्षित गणेश पंडालों तक पहुचाया गया। नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों ने कचहरी चौक स्थित श्री गणेश जी के दर्शन किए। कचहरी चौक का राजा के दर्शन करते हुए विद्यार्थी उत्साह एवं उमंग से झूम उठे, तथा गणेश जी के भक्तिमय गानों पर नृत्य भी किया। तत्पश्चात वाला मोहल्ला गणेश पंडाल स्थित श्री गणेश जी का दर्शन कराया गया। वहाँ की झाकियों को देखकर नन्हें-मुन्हें विद्यार्थी उत्साहित हो उठे, प्रसाद स्वरूप उन्हें पोहा, जलेबी एवं कॉचलेट दिया गया। तत्पश्चात उन्हें सुरक्षित स्कूल प्रागंण लाया गया। विद्यार्थी भगवान श्री गणेश जी के दर्शन करके उत्साहित नज़र आए। इस गतिविधि के सफल क्रियान्वयन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ एवं ग्राउंड स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## सर्वे के बाद ही प्रत्याशियों को कांग्रेस देगी टिकट

**अकलतरा।** नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में नगर के विधायक कार्यालय अजंता परिसर में नगर कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई। इसमें विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आगामी दिसंबर में नगरीय निकाय का चुनाव होना है। कांग्रेस पार्टी सर्वे करने के बाद जीतने योग्य प्रत्याशी को अध्यक्ष और पार्षद का टिकट देगी।

प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद विकास कार्य अवरुद्ध होने से राज्य शासन द्वारा अवैध रूप से शराब की बिक्री व नशीले पदार्थों को रोकने कोई भी उपाय नहीं कर मौन संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर के 20 वार्डों में घर-घर जाकर प्रदेश सरकार की विफलता बताई जाएगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद गौ माता के संरक्षण के लिए कोई भी उपाय नहीं किए जा रहे हैं। आवारा पशुओं के बीच सड़क में घूमने से लगातार दुर्घटनाएं घटित होने के साथ-साथ व्यक्ति की जान भी जा रही है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि नगर पालिका में बिना निविदा के लाखों रुपए का निर्माण कार्य होने के साथ-साथ भाव पत्र के माध्यम से चहेते ठेकेदारों को उपकृत कर रही है। नगर कांग्रेस कमेटी भ्रष्टाचार व विकास कार्य अवरुद्ध होने से आम जनता को अवगत करवाने, राज्य और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के साथ धरना-प्रदर्शन व आंदोलन किया जाएगा।



## हसदेव नदी में तैरते हुई मिली युवक की शव

**जांजगीर चांपा।** रिपोर्ट कृष्णा टंडन। चाम्पा थाना समीपस्थ हसदेव नदी गेमन पुल के नीचे नदी में शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। सुबह पुल से गुजर रहे आम लोगों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, चांपा पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच मर जुट चुकी हैं। मृतक की पहचान बाबा डेरा निवासी मनोज कुमार साहू पिता बुंदेल राम साहू हुआ है। मृतक के जेब से मोबाइल, गणेश पंडाल की कूपन मिला है।

# मादक पदार्थों एवं अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध पुलिस का ताबड़तोड़ कार्यवाही

**जांजगीर चांपा।** मुख्यमंत्री छ.ग. शासन द्वारा कलेक्टर एसपी कांफ्रेंस के दौरान सभी पुलिस अधीक्षकों को दिये गये निर्देश में कहा गया कि हर अपराध की जड़ में नशा मूल कारण है उसके उन्मूलन के लिए मादक पदाथों एवं अवैध नशे के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने सख्त निर्देश दिए गए थे।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा विवेक शुक्ला के निर्देशन में तथा अति. पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार जायसवाल के उचित मार्ग दर्शन में जिला पुलिस जांजगीर चाम्पा द्वारा सभी प्रकार के मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ हर स्तर पर कार्यवाही की गई है।

थाना चाम्पा क्षेत्र में मुखबीर सुचना पर सायबर टीम जांजगीर एवं थाना चाम्पा पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन चाम्पा के पास रेड कार्यवाही कर 01 महिला आरोपी सहित 03 आरोपियों के कब्जे से 10 किलो 456 ग्राम मादक पदार्थ गांजा का किमती 90000/-रूपये को बरामद कर आरोपियों के विरूध्द धारा 20(B), 29 NDPS Act के तहत कार्यवाही कर दिनांक 16.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया तथा प्रकरण में शामिल 01 फरार आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 14.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

थाना चाम्पा क्षेत्र में मुखबीर सूचना पर थाना चाम्पा पुलिस द्वारा ग्राम कोसमंदा में



रेड कार्यवाही कर आरोपी तेरस राम साहू के कब्जे से 04 किलो 998 ग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 45 हजार रूपयें को बरामद कर आरोपियों के विरूध्द धारा 20 (B), 29 NDPS Act के तहत कार्यवाही कर दिनांक 15.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

थाना पामगढ़ क्षेत्र में मुखबीर सुचना पर सायबर टीम जांजगीर एवं थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर 04 आरोपियों के कब्जे से 11 किलो 527 ग्राम मादक पदार्थ गांजा का किमती 230540/-रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन स्वीप्ट कार किमती 700000-रूपये कुल जुमला किमती 930540-रूपये बरामद कर आरोपियों के विरूध्द धारा 20 (B), 29 NDPS Act के तहत कार्यवाही कर दिनांक 16.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

थाना जांजगीर क्षेत्र में मुखबीर सुचना पर सायबर टीम जांजगीर एवं थाना जांजगीर पुलिस द्वारा खोखसा फाटक ओवर ब्रिज के पास रेड कार्यवाही कर 02 आरोपियों के कब्जे से 1342 नग नशीली टेबलेट किमती 3220/रू एवं परिवहन में प्रयुक्त मोटर सायकल किमती 70 हजार रूपये बरामद कर आरोपियों के विरूध्द धारा 21, 29 NDPS Act के तहत कार्यवाही कर दिनांक 12.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया तथा प्रकरण में शामिल फरार 02 फरार आरोपी को गिरफ्तार कर दिनांक 15.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

थाना शिवरीनारायण क्षेत्र में थाना शिवरीनारायण पुलिस द्वारा आरोपी मेवालाल सायतोड़े निवासी कुरीयारी के कब्जे 35 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर अरोपी के विरूद्ध धार 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत् कार्यवाही करते हुए दिनांक 11.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

थाना नवागढ़ क्षेत्र में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा आरोपी भोला प्रसाद कुर्रे निवासी गोधना के कब्जे 11 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर अरोपी के विरूद्ध धार 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत् कार्यवाही करते हुए दिनांक 11.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

थाना अकलतरा क्षेत्र में थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी जोगेन्द्र सिदार उर्फ भूरू सिदार निवासी खटोला के कब्जे 28 पाव देशी शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को बरामद कर अरोपी के विरूद्ध धार 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत् कार्यवाही करते हुए दिनांक 11.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

सार्वजनिक जगह पर शराब पीने एवं शराब पीने का साधन उपलब्ध करने वालों के विरुद्ध 14 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत करवाई किया गया है। जिला पुलिस जांजगीर-चाम्पा द्वारा लगातार नशे के खिलाफ आगे भी इस प्रकार कार्यवाही की जावेगी।

## गांजा के साथ 04 आरोपी पकड़ाये

**जांजगीर चांपा।** विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिले में अवैध शराब, गांजा बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस जांजगीर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम ससहा के संजय साहू जो अपने स्वीप्ट सफेद रंग की कार क्रमांक CG-11-BK-6601 में तीन अन्य साथियो के साथ मिलकर कार के डिक्की में भारी मात्रा में बोरी के अंदर गांजा रखकर ससहा से केसला होते हुये बोरसी बेचने के लिये ले जा रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर स्वीप्ट कार का इंतजार कर रहे थे कि कुछ समय बाद स्वीप्ट कार आया जिसे रोक कर बैठे व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम चालक संजय साहू एवं रमाकांत साहू, राजेश दास, गणेश अग्रवाल होना बताये जिनसे पूछताछ करने पर अपने स्वीप्ट कार के डिक्की में गांजा होना बताये जो समक्ष गवाहो के आरोपीयो के कब्जे से स्वीप्ट कार की डिक्की से निकाल कर पेश करने पर 11 पैकेट सफेद, नीला, पीला, काला कलर के झिल्ली में मादक पदार्थ गांजा जुमला 11.527 किलो ग्राम किमती 230540/-रूपये पेश करने पर समक्ष गवाहो के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं स्वीप्ट कार क्रमांक सीजी 11 बीके 6601 से परिवहन करना पाये जाने से स्वीप्ट कार क्रमांक CG-11-BK-6601 किमती 700000/-रूपये को बरामद किया गया।

आरोपी 01 . संजय साहू पिता कार्तिक राम साहू उम्र 32 वर्ष साकिन ससह थाना पामगढ़ 02. रमाकांत साहू पिता प्रेमलाल उम्र 21 वर्ष साकिन ससहा थाना पामगढ़ 03. राजेश दास मानिकपुरी पिता हरिदास उम्र 33 वर्ष साकिन ससहा थाना पामगढ़ 04. गणेश अग्रवाल पिता स्व. छोटेलाल उम्र 36 वर्ष साकिन बोरसी थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने से विधिवत् गिस्तार कर दिनांक 16.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

उपरोक्तकार्यवाही मे उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुर्रे के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सउनि विवेक कुमार सिंह, प्र आर मनोज तिग्गा, आर प्रदीप दुबे, गिरीश कश्यप, मोहम्मद शहबाज, रोहित कहरा म आर दिव्या सिंह, थाना पामगढ़ से थाना प्रभारी उनि. मनोहर लाल सिन्हा, सउनि संतोष बंजारे, रामदुलार साहू, आर. श्याम सरोज ओग्रे, टिकेश्वर राठौर, यशवंत पाटले का सराहनीय योगदान रहा।

## अनमोल वचन......

किसी के चेहरे की मुस्कुराहट की वजह ही बनो...खुशी ही नहीं सुकून भी मिलेगा।

# जमानत की शर्तें तर्कसंगत हो

यह कैसी विडम्बना है कि केजरीवाल जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं लेकिन जेल से बाहर आकर मुख्यमंत्री के रूप में काम नहीं कर सकते! सुप्रीम कोर्ट ने 12 जुलाई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब नीति में हुए कथित घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत दी थी। इसके दो महीने बाद 13 सितंबर को उसने सीबीआई के मामले में भी उनको जमानत दे दी। दोनों ही मामलों में जमानत की एक समान और बेहद कठोर शर्तें लगाई गईं। मुख्यमंत्री को जमानत देते हुए जैसी शर्तें लगाई गई हैं वह हैरान करने वाली हैं। क्योंकि खुद सर्वोच्च अदालत ने कई मामलों में कहा है कि जमानत देते समय सोच समझ कर शर्तें लगानी चाहिएं। केजरीवाल का मामला और भी आश्चर्यजनक इसलिए है क्योंकि जब वे जेल में थे तब सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने इस सवाल पर विचार किया था कि वे जेल में रह कर सरकार के फैसलों से जुड़ी फाइलों पर दस्तखत कर सकते हैं या नहीं। लेकिन एक दूसरी बेंच ने उनको जमानत देते हुए फाइलों पर दस्तखत करने पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने एक मामला आया था, जिसमें जेल काट रहे एक सजायाफ्ता याचिकाकर्ता ने कहा था कि दिल्ली सरकार उसकी सजा माफ करने में देरी कर रही है। जजों ने इस बारे पूछा तो दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल में बंद हैं इसलिए फाइलों पर दस्तखत नहीं कर पा रहे हैं, जिससे देरी हो रही है। तब अदालत ने एडिशनल सॉलिसीटर जनरल से पूछा था कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल से अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोकने के लिए कोई प्रतिबंध आदेश है । बेंच ने कहा हम इसकी जांच करना चाहते हैं क्योंकि इससे सैकड़ों मामले प्रभावित होंगे। इस सवाल पर एडिशनल सॉलिसीटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वे इस मुद्दे पर निर्देश लेंगी। इसके बाद कोर्ट को बताएंगी। यह पांच सितंबर का मामला है। इसके एक हफ्ते बाद 13 सितंबर को जस्टिस उज्ज्वल भुइंया और जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने केजरीवाल को जमानत दी लेकिन कई शर्तों में एक शर्त यह लगा दी कि वे फाइलों पर दस्तखत नहीं कर सकेंगे। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री कार्यालय नहीं जाएंगे। आमतौर पर जमानत में जो शर्तें लगाई जाती हैं जैसे आरोपी सबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करेगा या मुकदमे के बारे में बयानबाजी नहीं करेगा, जमानत के बॉन्ड भरेगा, जरुरत होने पर अदालत और एजेंसी के सामने पेश होगा आदि, ऐसी सारी शर्तें केजरीवाल पर भी हैं। लेकिन मुख्यमंत्री के ऊपर यह शर्त ज्यादती है कि वे कार्यालय नहीं जाएंगे और फाइल पर दस्तखत नहीं करेंगे। जमानत की शर्तें ऐसी होनी चाहिए, जो तर्कसंगत हो, व्यक्ति की निजी या सार्वजनिक जिम्मेवारियों के निर्वहन में बाधा नहीं डालती हो और उसके आत्मसम्मान पर चोट नहीं करती हो।

## राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आज बिजनेस में उत्साह के साथ आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन कर पाएंगे, आप से प्रतिस्पर्धा करने वाले एवं ईर्ष्या करने वालों के दाँत खट्टे होंगे। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

वृष राशिः आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। परिवार में सुख समृद्धि का वातावरण रहेगा। आज पराक्रम और धैर्य की वृद्धि होगी। फैमिली का माहौल अगर खराब है तो अपनी समझदारी से और हंसमुख स्वभाव से परिवार का माहौल शांत रखने की कोशिश करेंगे। किसी सोंचे हुए काम की शुरुआत आज करेंगे। बेटे को सफलता मिलने से खुशी का माहौल बनेगा। आपका दांपत्य जीवन सौहार्द्र से भरा रहेगा।

मिथुन राशिः आज आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। दैनिक जीवन की गतिविधियां अच्छी चलेंगी। आपका मन आध्यात्म के प्रति अधिक रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जायेंगे। इस राशि के नवविवाहितों के लिए आज का दिन काफी अच्छा है।

कर्क राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आपका काम मन-मुताबिक होगा। मित्रों के साथ किसी खास विषय पर बातचीत होगी, जिससे आपको फायदा हो सकता है। बात करे सेहत की तो आपको सेहत को लेकर अलर्ट रहना होगा। किसी भी काम को करने में मन अधिक लगेगा। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा। आज आपको आय के कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जायेगा। आज दांपत्य जीवन के अनबन को दूर करने की कोशिश करेंगे, आपका एक छोटा-सा प्रयास घरेलू जीवन अच्छा हो सकता है इस राशि के इंजीनीयर्स अपने अनुभव का प्रयोग सही दिशा में करेंगे। किसी जरूरी काम में जीवनसाथी की सलाह लेना फायदेमंद रहेगा। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा है। अधिकारियों से खास मामलों पर बातचीत होगी।

कन्या राशिः आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रूका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे, तो फायदा हो सकता है। आज आपको ऑफिस के रुके कार्यों को पूरा करने के लिए अधिक फोकस करना चाहिए, जितना जल्दी हो सके काम को पूरा करने पर ध्यान दें। इस राशि के कंप्यूटर स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। आप जितनी मेहनत करेंगे। आपको उतने ही बढ़िया नतीजे भी मिलेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए बेहद खास है। वर्कप्लेस पर आपको किसी कार्य के लिए सहकर्मियों और सीनियर्स की मदद मिलेगी जिससे आपके कार्य पूर्णता की ओर बढ़ेंगे। पार्टनरशिप में बिजनेस करने वाले बिजनेसमैन को व्यापारिक मामलों को लेकर साझेदार से मीटिंग करेंगे। कपड़ा व्यापारियों को अधिक लाभ से मन प्रसन्न रहेगा। वैवाहिक जीवन में सुख सौहार्द की बढ़ोत्तरी होगी। परिवार में सम्पन्नता रहेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन शुभ है। व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासनिक पद पर आसीन लोगों को पदोन्नति मिलने से खुशी होगी। नया वाहन लेने का विचार परिवार जनों से करेंगे। सरकारी करमचारियों को पदोन्नति हासिल होगी। पारिवारिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी। संतान से सुख मिलेगा। समाज में लोगों से अच्छा तालमेल बनेगा। अधूरे व साहसिक कार्य के पूरा होने के योग बन रहे हैं। अधिक भरोसा करके किसी से अपनी बातें शेयर न करें।

धनु राशिः आज आपका दिन अच्छा रहेगा। सोचने की क्षमता में तेजी आयेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। लवमेट अपने रिश्ते की बात घरवालों से करेंगे। आज ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक आयोजन की सूचना मिल सकती है, जिसमें आप शामिल होंगे, कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। छात्रों को लापरवाही करने से बचना चाहिए, मेहनत जारी रखें। आज अधिक खर्च करने से बचें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मकर राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के हाई एजुकेशन पाने की ख्वाहिश रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अनुकूल है। बच्चों की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहेगा। रोजमर्रा के कामों में व्यस्तता बनी रहेगी। कारोबार में रूका हुआ पैसा वापस मिल सकता है।

कुंभ राशिः आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। कोर्ट-कचहरी का फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी हो सकती है । आज अचानक होने वाली कुछ गतिविधियों पर नजर रखें । आप जो भी काम करने की सोचेंगे, उसे लेकर पॉज़िटिव नज़रिया रखने से सब काम अच्छे से होंगे।

मीन राशिः आज आपका दिन शानदार रहेगा। अपनी परेशानियों का समाधान ढूंढ लेंगे। किसी खेल प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। इस राशि के जॉब कर रहे लोगों के लिए अच्छे ऑफर्स आने के योग बन रहे हैं। घर में खुशी का माहौल बनेगा।

# नरेन्द्र मोदी के रूप में विशाल भारत को मिला विश्वदृष्टि-सम्पन्न नेतृत्व

//डॉ. मोहन यादव//

**भारत जैसे विशाल देश को विकास के वैश्विक दृष्टि सम्पन्न नेतृत्व की अपेक्षा थी वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में पूरी हो गई है। भारत के हर नागरिक की यही भावना है। इसलिए वे उन्हें मन से चाहते हैं। मध्यप्रदेश के नागरिकों की ओर से हमारे लाड़ले प्रधानमंत्री जी को जन्म दिन की अशेष शुभकामनाएं। आज भारत देश की वैश्विक साख और गरिमा में जो वृद्धि हुई है उसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। विश्व शांति की स्थापना में भारत का योगदान हो या प्रौद्योगिकी के विशाल क्षितिज में लंबी उड़ान, यह सब प्रधानमंत्री जी की विशाल दृष्टि से संभव हो रहा है। हम सब बदलाव की इस प्रक्रिया को प्रत्यक्ष देख रहे हैं। यह सौभाग्य से कम नहीं है।**

मध्यप्रदेश से मोदीजी का विशेष अनुराग है। उन्होंने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में प्रदेश में हुए कई नवाचारों का उल्लेख कर मध्यप्रदेश का पूरे देश में सम्मान बढ़ाया है। यह हमारे समय का सत्य है कि हम भारत के नवनिर्माण को अपने सामने होता देख रहे है। भारत के नागरिक के रूप में हम नई वैश्विक पहचान के साथ दुनिया के सामने शान से खड़े हैं और गौरवशाली क्षणों को जी रहे हैं। इन मूल्यवान और ऐतिहासिक क्षणों का उपहार देने के लिए हम अपने राष्ट्र नायक नरेंद्र मोदी जी को कोटिशः नमन करते हैं। पूरा देश आज उनका जन्मदिन मना रहा है। वे ऐसे तपस्वी पथ प्रदर्शक हैं, जिनके नेतृत्व में भारत उजाले की ओर बढ़ रहा है। उदासी और अंधेरे को हम पीछे छोड़ आए हैं। भारत को अब ऐसे प्रतिबद्ध जन सेवक का साथ मिला है, जिसके लिए राष्ट्र सर्वोपरि और नागरिक अमूल्य पूंजी है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दीक्षा और भारतीय जनता पार्टी के संस्कारों में रचे-बसे नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व इतना विशाल हो गया है कि उसे शब्दों में बांधना एक चुनौतीपूर्ण काम है। उनके व्यक्तित्व की ऐसी कई विशेषताएं हैं जो नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक हैं चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों। हम सब उनसे लगातार सीखते रहते हैं। भारत को नरेंद्र मोदी का नेतृत्व ऐसे समय मिला जब भारत अवसाद में डूबा हुआ अंधेरे की तरफ चल पड़ा था। वैश्विक परिदृश्य में एक कोने में खड़ा दिखाई देता था और इसे एक स्फूर्तिदायक, नई दृष्टि और नई ऊर्जा से भरे नेतृत्व की आवश्यकता थी।राष्ट्रवादी प्रधान नायकःराष्ट्रवादी प्रधान नायक रुप में नरेंद मोदी ने देश में जिस प्रकार राष्ट्रवादी मूल्यों का संचार किया है वह अद्भुत है। इसकी अनुभूति प्रत्येक नागरिक को हो रही है। वर्तमान और भविष्य की एक साथ चिंता उनकी दृष्टि में परिलक्षित होती है। वर्तमान को मजबूत बनाकर भविष्य को सुरक्षित करने का उनका दृष्टिकोण उनकी हर योजना में स्पष्ट रेखांकित होता है। हम कह सकते हैं कि नये भारत के वास्तुकार के रूप में मोदी जी ने न सिर्फ राजनीतिक बल्कि सामाजिक बुनावट और सोच को भी नये आयामों से देखने का अवसर दिया है। भारत को एक सुगठित राष्ट्र बनाने में उन्होंने जो कला-कौशल दिखाया है वह भारत के इतिहास में प्रमुखता के साथ दर्ज होगा।गुणों की खानः नरेन्द्र मोदी का संपूर्ण व्यक्तित्व एक पाठशाला बन गया है। उनके व्यक्तित्व के कई अनूठे आयाम हम देख चुके हैं, जो हमें आश्चर्यचकित कर देते हैं। उनकी सबसे बड़ी और असाधारण बात है उनके वक्तव्य और भाषण। जितनी स्पष्टता और प्रभावी तरीके से वे अपनी बात रखते हैं वह आश्चर्यजनक है। उनकी दूरदृष्टि या विजन बिल्कुल स्पष्ट होता है। उन्होंने लोगों में विश्वास जगाया है कि भारत में आर्थिक विकास करने और दुनिया में अपना प्रभुत्व कायम करने की क्षमता है। अनुशासित जीवन के प्रति उनके अनुराग ने सभी भारतीयों को प्रभावित और प्रेरित किया है। राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ में एक बाल स्वयं सेवक बनने से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक उनका जीवन अनुशासित रहा है। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए, हर पल उत्साह से बिताना और नियमित योग करना उनकी दिनचर्या है। कई अवसर ऐसे आये जब मोदी ने यह सिखाया और प्रयोग करके दिखाया कि कैसे धैर्य और विनम्रता सबसे भरोसेमंद साथी है। इनके सहारे कठिन चुनौतियों से निपटा जा सकता है। मोदी जी स्वयं टैकसेवी है और वे खुद को तकनीक के क्षेत्र में होने वाले परिवर्तनों से अपडेट रखते हैं। उनका तकनीकी के प्रति रुझान हमें प्रेरणा देता है कि तकनीकी के साथ बने रहना न सिर्फ स्वयं बल्कि समाज के लिये भी जरूरी है।इतिहास बदलने वाले कदमःप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में समय के साथ चलने और समय के पार देखने की अद्भुत क्षमता है। इसीलिए उन्होंने अपने नेतृत्व में जितनी योजनाएं बनाई वे सब वर्तमान को मजबूत बनाते हुए भविष्य को सुरक्षित करने वाली योजनाएं हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत समृद्ध भारत का मिशन पूरा करने और भारत को विश्व की प्रथम 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने के महान लक्ष्य को पूरा करने में हम रात-दिन मेहनत करेंगे।योजनाओं को डिजाइन करते हुए मोदी ने इस बात का भी पूरी तरह ध्यान रखा कि केंद्र और राज्य की भूमिका स्पष्ट हो। उनकी परस्पर जिम्मेदारियां स्पष्ट हों ताकि संघीय ढांचे की गरिमा को पर कोई आंच नहीं आने पाए। सभी योजनाओं का उद्देश्य देश को विकसित बनाना और आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुधारना है। नागरिकों को अच्छी सुविधाएं आत्मनिर्भर जीवन यापन के अच्छे विकल्प, अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं, अच्छा रोजगार, बेहतर वातावरण आदि उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्किल इंडिया मिशन, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अमृत योजना, डिजिटल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत ने वर्तमान भारत की तस्वीर बदल दी है। भारतीय लोकतंत्र में एक स्वर्णिम अध्याय शुरू हुआ है और उसमें निरंतर नये-नये आयाम जुड़ते जा रहे हैं।राष्ट्र नायक मोदी के नेतृत्व में हम सब आशा भरे और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला ऐसा समय देख रहे हैं, जो हमारा सपना था। भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का हमारा सपना जल्दी ही पूरा होगा। आज हम भारतीय इस विकास की गाथा में खुद को भागीदार मानते हैं। ÷सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास÷ के मंत्र अब हर नागरिक का सूत्र वाक्य है। हम नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना करने के साथ यह भी प्रार्थना करते हैं कि उनके नेतृत्व में भारत एक समृद्ध राष्ट्र बने और हर नागरिक समृद्धशाली हो।

# अमित शाह के आश्वासन को भाजपा ने क्यों किया दरकिनार, क्यों घाटी की 28 सीटों पर नहीं उतारे उम्मीदवार?

//नीरज कुमार दुबे//

**जहां तक कश्मीर में भाजपा कार्यकर्ताओं की निराशा की बात है तो इस संबंध में हम आपको बता दें कि इनमें से कई लोगों ने मीडिया से बातचीत में खुलकर यह कहा है कि यदि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर और अपने दम पर सरकार बनाने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरी भाजपा इस केंद्र शासित प्रदेश में बिल्कुल नई रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा में स्पष्ट बहुमत तो चाह रही है मगर उसने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे हैं इसलिए सवाल उठ रहा है कि जब सभी सीटों पर वह लड़ ही नहीं रही है तो सरकार कैसे बना लेगी।**

हम आपको बता दें कि भाजपा घाटी की सिर्फ 19 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। देखा जाये तो कश्मीर घाटी में 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का भाजपा का फैसला हैरानी भरा है क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की थी कि पार्टी जम्मू-कश्मीर की सभी 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। गत सप्ताह भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने केंद्र शासित प्रदेश के दौरे पर आये अमित शाह ने दावा किया था कि भाजपा ही केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाएगी। इसलिए सवाल उठता है कि भाजपा सरकार बनाने लायक नंबर कहां से लायेगी।

हम आपको बता दें कि कश्मीर घाटी में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कड़ी मेहनत कर अपना पार्टी संगठन खड़ा किया था और विभिन्न क्षेत्रों में उसके पास समर्थकों की अच्छी खासी तादाद भी है लेकिन इसके बावजूद पार्टी ने 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे जिससे पार्टी के तमाम कार्यकर्ता नाराज बताये जा रहे हैं। हालांकि भाजपा इस नाराजगी को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रही और उसका कहना है कि कश्मीरी जनता हमें उन 19 सीटों पर भारी बहुमत देगी जहां हमने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मगर कश्मीर घाटी में भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि पार्टी चुनाव में उम्मीदवार ही नहीं उतार रही है तो फिर उन्हें लगता है कि इस पार्टी में उनका कोई भविष्य नहीं है। श्रीनगर में एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि हमने वर्षों से विपरीत माहौल में पार्टी को खड़ा करने के लिए कड़ी मेहनत की लेकिन जब हमें पुरस्कृत करने का समय आया, तो पार्टी ने हम पर भरोसा नहीं किया। उन्होंने या तो सीटें छोड़ दीं या ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा जो पार्टी में नए हैं।

कश्मीर घाटी के भाजपा नेता और कार्यकर्ता अमित शाह के वादे पर भी सवाल उठा रहे हैं। हम आपको याद दिला दें कि इसी साल मई में घाटी की अपनी यात्रा के दौरान, भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करते हुए अमित शाह ने लोकसभा चुनाव के दौरान कश्मीर घाटी की सभी तीन सीटों को छोड़ने के फैसले पर खेद व्यक्त किया था। हम आपको याद दिला दें कि लोकसभा चुनावों में जम्मू में आने वाली दो सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की थी और उसने कश्मीर की तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारे थे। अमित शाह ने उस समय पार्टी कार्यकर्ताओं से जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने का आग्रह करते हुए कहा था कि भाजपा इस बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसलिए सवाल उठ रहा है नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिये गये आश्वासन के बावजूद भाजपा ने अपना मन क्यों बदला? हम आपको बता दें कि कश्मीर में पार्टी के 19 उम्मीदवारों में दक्षिण कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से आठ, मध्य कश्मीर की 15 में से छह और उत्तरी कश्मीर की 16 विधानसभा सीटों में से पांच शामिल हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि वह घाटी में किसी चमत्कार की उम्मीद नहीं कर रहे हैं और केवल 19 उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का निर्णय एक सोचा समझा फैसला है ताकि कुछ स्वतंत्र उम्मीदवारों को जीत हासिल करने में मदद मिल सके। भाजपा सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनावों में भी कश्मीर घाटी की तीनों लोकसभा सीटें इसलिए छोड़ी गयीं थीं कि अन्य ताकतवर उम्मीदवार उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती को हरा सकें और पार्टी की वह रणनीति कामयाब रही थी। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कश्मीर घाटी में इस बार कई स्वतंत्र उम्मीदवार जीतने की हैसियत रखते हैं इसलिए उनकी राह में बाधा बनना सही नहीं है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि यह स्वतंत्र उम्मीदवार जीत हासिल करते हैं तो सरकार बनने की स्थिति में पार्टी की मदद कर सकते हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि 28 सीटों पर चुनाव नहीं लड़ने का फैसला इसलिए भी लिया गया है ताकि वंशवादी राजनीति करने वाले नेताओं को हराने में अन्य प्रबल उम्मीदवारों की मदद की जा सके।भाजपा सूत्रों का कहना है कि पार्टी नेतृत्व जानता है कि श्रीनगर की एक सीट पर ही उसकी जीत की पूरी संभावना है।

इसलिए छोड़ी गयी सीटों पर सीधे पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतार कर डमी उम्मीदवार उतारे गये हैं जो समय आने पर भाजपा के लिए मददगार साबित होंगे। हालांकि भाजपा की इस रणनीति को कश्मीरी नेता बखूभी समझ रहे हैं। हम आपको बता दें कि नेशनल कांफ्रेंस का अब्दुल्ला परिवार और पीडीपी की महबूबा मुफ्ती खुलेआम कह रहे हैं कि भाजपा ने निर्दलीयों और नये दलों की फौज उतार दी है ताकि कश्मीर में दशकों से राजनीति कर रहे दलों के समीकरण बिगड़ जायें। यही नहीं, दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग से भाजपा उम्मीदवार रफीक वानी ने भी खुले तौर पर दावा कर दिया है कि नए क्षेत्रीय दल और निर्दलीय हमारे ही हैं।

उन्होंने हाल ही में कहा था कि इंजीनियर राशिद हमारे हैं, सज्जाद लोन भी हमारे हैं, अल्ताफ बुखारी भी हमारे हैं और गुलाम नबी आज़ाद भी हमारे ही हैं, निर्दलीय उम्मीदवार भी हमारे ही हैं।हम आपको बता दें कि भाजपा का प्रयास है कि उसे जम्मू में 35 और कश्मीर से सभी 19 सीटें मिल जाएं ताकि 90 सदस्यीय विधानसभा में वह स्पष्ट बहुमत हासिल कर सके। भाजपा को यह भी लगता है कि कश्मीर में पांच पार्टियां समय आने पर उसका समर्थन कर सकती हैं। घाटी में चर्चाएं तो यहां तक हैं कि अभी कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही नेशनल कांफ्रेंस भी जरूरत पड़ने पर सरकार गठन के लिए भाजपा के साथ जा सकती है। हम आपको याद दिला दें कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय में नेशनल कांफ्रेंस एनडीए का हिस्सा रह चुकी है। उस समय उमर अब्दुल्ला वाजपेयी सरकार में विदेश राज्य मंत्री थे। बहरहाल, घाटी की 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार नहीं उतारने के फैसले के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के प्रचार की शुरुआत कश्मीर घाटी से ही करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के प्रचार के लिए 19 सितंबर को श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर पार्क में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। बताया जा रहा है कि इस रैली में करीब 30,000 पार्टी कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। देखना होगा कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति का ऊँट किस करवट बैठता है।

## तस्वीरों की दुनिया



वाराणसी में बाढ़ के कारण गंगा के पानी में डूबे नमो घाट का दृश्य।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान का दौरा किया।



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर देहरादून में टपकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की।



एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने मुंबई में लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव में भगवान गणेश की पूजा की।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गांधीनगर में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से मुलाकात की।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में ग्लोबल री-इन्वेस्ट रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट में एक प्रदर्शनी का दौरा किया।

## पहले अपने गिरेबान में झांके.....

# ईरान के सुप्रीम लीडर ने भारतीय मुस्लिमों पर दिया बयान तो MEA ने दिया दो टूक-जवाब



**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत के खिलाफ कई बार टिप्पणी कर चुके ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने एक बार फिर कहा कि भारत में मुसलमानों का उत्पीड़न हो रहा है। ईरान के सुप्रीम लीडर के इस बयान पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी टिप्पणी की। विदेश मंत्रालय ने कहा, हम ईरान के सर्वोच्च नेता द्वारा भारत में अल्पसंख्यकों के बारे में की गई टिप्पणियों की कड़ी निंदा करते हैं। ये गलत सूचना और अस्वीकार्य हैं। अल्पसंख्यकों पर टिप्पणी करने वाले देशों को सलाह दी जाती है कि वे दूसरों के बारे में कोई भी टिप्पणी करने से पहले अपना रिकॉर्ड देखें। पैगंबर मोहम्मद की जयंती पर सोमवार को अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा कि दुनिया भर के मुसलमानों के बीच एकजुटता की जरूरत है। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, अगर हम म्यांमार, गाजा, भारत या किसी अन्य स्थान पर किसी मुस्लिम को होने वाली पीड़ा से बेखबर हैं तो हमें खुद को मुसलमान नहीं मानना चाहिए। इसके पहले भी ईरान के सुप्रीम लीडर भारत के खिलाफ बयान दे चुके हैं।

# सियासी मुद्दा बन सकती है संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता सीबीआई पिंजरे में बंद तोता वाली टिप्पणी पर गरमाई सियासत

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**




सीबीआई को पिंजरे का तोता बताने की होड़ तो कई दशकों से चल रही है, लेकिन इस बेरोकटोक चली धारणा ने अब निशाने पर अन्य संवैधानिक संस्थाओं को भी ले लिया है। विपक्ष के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले में हुई कार्रवाई के बाद राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में उल्टे संवैधानिक संस्थाओं को ही कठघरे में खड़ा कर दिया गया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गत दिवस मुंबई के एलफिंस्टोन टेक्निकल हाईस्कूल में संविधान मंदिर के उद्घाटन अवसर पर इसे लेकर चिंता भी जताई। उन्होंने पैरोकारी तो संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता को लेकर की है, लेकिन जिस तरह की प्रतिक्रियाएं सुगबुगा रही हैं, उससे अंदेशा है कि यह मुद्दा भी राजनीतिक हलकों में विपक्ष के द्वारा गर्माया जा सकता है। अक्सर सियासी निशाने पर रही देश की शीर्ष जांच एजेंसी सीबीआई को लेकर लगातार गढ़े जा रहे नैरेटिव के बीच जिस तरह पिछले दिनों दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ने सीबीआई पर टिप्पणी की, उस पर खुद सीबीआई की ओर से तो कुछ नहीं कहा गया लेकिन उपराष्ट्रपति धनखड़ ने किसी का नाम लिए बगैर यह जरूर कह दिया कि संस्थाओं को आपस में लय ताल के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और जांच एजेंसियां कठिन परिस्थितियों में भी कर्तव्य निभाती हैं।

उनकी इस तरह से समीक्षा उनका मनोबल गिरा सकती है। राजनीतिक बहस को आगे बढ़ा सकती है। हमें अपने संस्थानों को लेकर बेहद सचेत रहना होगा। वे मजबूत हैं, स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं, नियंत्रण और संतुलन में हैं। उन्होंने ऐसी चर्चाओं को सनसनी पैदा करने वाला बताते हुए इन्हें टाले जाने का सुझाव दिया और मिलकर संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए बढ़ने का सुझाव दिया। मगर, राजनीतिक हालात का तकाजा और विपक्षी नेताओं की इस पर आई प्रतिक्रिया इशारा कर रही है कि उपराष्ट्रपति की इस टिप्पणी को भी राजनीतिक मुद्दा बनाते हुए संवैधानिक संस्थाओं के लिए सियासी अखाड़े में कठघरा और बड़ा किया जा सकता है। यह भी देखना होगा कि न्यायपालिका की ओर कैसे प्रतिक्रिया होती है।

# निपाह वायरस से कोरोना जैसा हड़कंप, शादियों में मेहमानों की संख्या सीमित और दुकाने खोलने पर प्रतिबंध, आईसोलेशन में 175 लोग

**मलप्पुरम, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

केरल में हाल ही में निपाह वायरस से 24 वर्षीय युवक की मौत के बाद सरकार एक्शन में आ गई है। केरल सरकार ने मलप्पुरम में कई कंटेनमेंट जोन बनाए हैं और उनमें प्रतिबंध लगा दिए हैं। मलप्पुरम जिले की दो पंचायतों के पांच वार्डों को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है और बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र न होने के निर्देश दिए गए हैं।

निपाह को तेजी से बढ़ता देख जिला अधिकारियों ने कंटेनमेंट जोन में दुकानें शाम 7 बजे तक बंद करने को कहा है। कंटेनमेंट जोन में सिनेमा हॉल, स्कूल, कॉलेज, मदरसे, आंगनवाड़ी और ट्यूशन सेंटर बंद रहेंगे। इस बीच, मलप्पुरम जिले में आंशिक प्रतिबंध लगाए गए हैं। अधिकारियों ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने को कहा है। जिले में शादियों, अंतिम संस्कारों और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या कम करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने पुष्टि की है कि 9 सितंबर को मरने वाला 24 वर्षीय व्यक्ति निपाह वायरस से संक्रमित था। जॉर्ज ने सोमवार को कहा कि



मृतक मरीज की संपर्क सूची में फिलहाल 175 लोग हैं, जिनमें से 74 स्वास्थ्यकर्मी हैं। सभी को आइसोलेशन में रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 66 टीमें बनाई हैं और मृतक के घर के तीन किलोमीटर के दायरे में बुखार का सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। निपाह संक्रमण के इलाज के लिए मलप्पुरम के एक लड़के की 21 जुलाई को मौत हो गई। यह इस साल राज्य में निपाह संक्रमण का पहला पुष्ट मामला था। कोझीकोड जिले में 2018, 2021 और 2023 में तथा एर्नाकुलम जिले में 2019 में निपाह का प्रकोप देखा गया है। कोझीकोड, वायनाड, इडुक्की, मलप्पुरम और एर्नाकुलम जिलों में चमगादड़ों में निपाह वायरस एंटीबॉडी की मौजूदगी पाई गई है।

## महिला पुलिसकर्मी ने छात्रा के प्राइवेट पार्ट की ली तलाशी, सीएम हिमंत हुए आग-बबूला

**गुवाहाटी।** असम में ग्रुप-3 की परीक्षा के दौरान महिला पुलिसकर्मी द्वारा छात्रा के प्राइवेट पार्ट की तलाशी मामले में मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को डीजीपी को मामले की जांच कर रिपोर्ट जमा करने को कहा है। यह घटना नलबाड़ी की है, जहां समूह-तीन के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी।आम आदमी पार्टी की राज्य इकाई ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) को एक पत्र भेजा है, जिसमें छात्रा के मूल अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। सरमा ने कहा कि पुलिस महानिदेशक ने उन्हें उत्तरी लखीमपुर में एक और घटना की जानकारी दी, जहां परीक्षा के दौरान एक महिला उम्मीदवार के पास से नकल सामग्री बरामद की गई थी।

## 13 साल की बच्ची का अनोखा कारनामा, 800 किलो बाजरे से बनाई पीएम मोदी की फोटो



**चेन्नई 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्मान में 13 साल की एक छात्रा ने बेहद ही खास तस्वीर बनाई है। पीएम मोदी मिलेट्स (मोटे अनाज) को बढ़ावा देते हैं। इसे देखते हुए छात्रा ने 800 किलोग्राम मिलेट्स का इस्तेमाल कर उनकी तस्वीर (पोट्रेट) बनाई है।बच्ची ने लगातार 12 घंटे काम कर तस्वीर तैयार की। इससे एक नया विश्व रिकार्ड बना है। बच्ची का नाम प्रेस्ली शेकिनाह है। छात्रा ने 17 सितंबर को नरेन्द्र मोदी के जन्मतिथि पर सम्मान देते हुए यह तस्वीर बनाई है।शेकिनाह चेन्नई के कोलपक्कम इलाके में रहने वाले प्रताप सेल्वम और संकीरानी (मां) की बेटी है। प्रेस्ली चेन्नई के एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा आठ में पढ़ती है। शेकिनाह ने 800 किलो बाजरे का इस्तेमाल करके 600 वर्ग फीट में पीएम मोदी की एक बड़ी तस्वीर बनाई है। उसने सुबह साढ़े आठ बजे काम शुरू किया और रात साढ़े आठ बजे इसे पूरा किया। यूनिको व?र्ल्ड रिकार्ड ने प्रेस्ली की इस कृति को अपने रिकार्ड में दर्ज किया है। इसे छात्र उपलब्धि श्रेणी के तहत रजिस्टर्ड किया गया है। यूनिको व?र्ल्ड रिका?ड्र्स के निदेशक आर शिवरामन ने प्रेस्ली शेकिना को विश्व रिकार्ड प्रमाणपत्र और पदक से सम्मानित किया।

# फिलिस्तीन को आजाद करो स्कूटर पर बैठकर लड़कों ने की नारेबाजी

## हिरासत में लिए गए 6 नाबालिग



**चिक्कमगलुरू, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

कर्नाटक में फिलिस्तीनी झंडे के साथ दोपहिया गाड़ी चलाने के आरोप में 6 लड़कों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी है, छह नाबालिगों को कथित तौर पर फिलिस्तीनी झंडा थामे दोपहिया वाहन चलाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामने आने के बाद पकड़ा गया।पुलिस ने आगे बताया कि यह घटना रविवार दोपहर करीब एक बजे यहां चिक्कमगलुरु शहर में दांतारामक्की रोड पर हुई। पुलिस के अनुसार, उनमें से तीन दोपहिया वाहन पर थे और पीछे बैठा एक 17 साल का लड़का कथित तौर पर फिलिस्तीनी झंडा पकड़ कर लहरा रहा था, जबकि उनके तीन दोस्त दूसरी बाइक पर उनका पीछा कर रहे थे। उन्होंने फिलिस्तीन को आजाद करो के नारे भी लगाए।इस घटना के सिलसिले में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने घटना में शामिल सभी छह लड़कों को पकड़ लिया। वे सभी नाबालिग हैं। हमने भारतीय न्याय संहिता की उचित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है, जिसमें सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की धारा भी शामिल है। दोनों वाहनों को झंडे के साथ जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने आगे बताया, पूछताछ के दौरान, लड़कों ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में एक जुलूस के कुछ वीडियो देखे थे जिसमें लोगों को फिलिस्तीन के झंडे ले जाते हुए देखा गया था और इसलिए वे इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही रील बनाना चाहते थे। इससे पहले दिन में, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और एमएलसी सीटी रवि ने आरोप लगाया कि बिना अनुमति के 20 से अधिक दो पहिया वाहनों और एक चार पहिया वाहनों में फिलिस्तीन का झंडा लेकर एक रैली आयोजित की गई थी।

# कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन ट्रस्ट समिति ने दायर की है याचिका

**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को बुलडोजर अभियान, मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद, कोलकाता चिकित्सक दुष्कर्म-हत्या समेत कई अहम मामलों पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई 17 सितंबर के मामलों की सूची के अनुसार कई राज्यों में प्रशासन द्वारा आरोपितों के घर पर बुलडोजर चलाकर उनकी सपंत्तियां ध्वस्त करने की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी।दो सितंबर को इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए शीर्ष कोर्ट ने सवाल उठाया था कि किसी का घर सिर्फ इसलिए भला कैसे गिराया जा सकता है, क्योंकि वह आरोपित है। साथ ही कहा था कि भले ही वह दोषी हो, फिर भी कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता।शीर्ष कोर्ट ने कहा था कि वह इस मुद्दे पर कुछ दिशा-निर्देश तय करेगा जोकि पूरे देश में लागू होंगे। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा था कि वह अनधिकृत निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षण नहीं देगा। शीर्ष कोर्ट मंगलवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ शाही मस्जिद ईदगाह प्रबंधन ट्रस्ट समिति द्वारा हाई कोर्ट के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। उधर, बंगाल में डाक्टरों के जारी विरोध प्रदर्शन के बीच कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज-अस्पताल में एक रेजिडेंट डाक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में भी शीर्ष कोर्ट अपने स्वतः संज्ञान पर मंगलवार को सुनवाई करेगा।

यह सुनवाई इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि रेजिडेंट डाक्टर अभी भी हड़ताल पर हैं जबकि शीर्ष कोर्ट ने उन्हें 10 सितंबर को शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया था ताकि राज्य सरकार द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

# 300 साल पुराने मंदिर के पास खोदाई में मिली भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति, देखने के लिए उमड़ी भीड़

**औंग, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

थाने के डुंडरा गांव में खेत की मेड़ की खोदाई के दौरान एक प्राचीन मूर्ति मिली है। मूर्ति को पास के ही गौरी शंकर मंदिर में रखा गया है। मूर्ति मिलने की खबर फैलते ही मौके पर आसपास गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिस मंदिर के पास मूर्ति मिली है, वह इन दिनों जीर्णशीर्ण हालत में है।डुंडरा गांव में सरला सिंह के खेत से जुड़ा प्राचीन करीब तीन सौ वर्ष पुराना गौरी शंकर मंदिर है। मंदिर में प्रतिवर्ष नवरात्र की नवमी को मेला लगता है।गांव के महावीर दिवाकर ने बताया कि मंदिर का मंदिर का निर्माण मुंबई में रहने वाले एक सेठ ने कराया था, जो गांव के ही रहने वाले थे। ओंकार नाथ पाठक बताते हैं मंदिर करीब तीन सौ वर्ष पुराना होगा। ऐसी मान्यता है कि मंदिर के पास जो कुआं है उसके पानी से बच्चों को नहलाने



से सूखा रोग ठीक होता है।गांव की सरला सिंह सोमवार वह मंदिर से जुड़े खेत की मेड़ रखने के लिए बुलडोजर से मिट्टी की खोदाई करा रही थीं। खोदाई के दौरान खेत की मेड़ से मूर्ति निकल आई।

मूर्ति निकलने की सूचना पर गांव व आसपास गांव के लोग भारी संख्या में एकत्र हो गए। ग्राम प्रधान गोरे लाल प्रजापति, राजीव मिश्रा, दीपक पांडेय, भानू चौहान, शंकर सिंह सहित अन्य लोग पहुंचे। प्रधान ने बताया कि मिली मूर्ति भगवान विष्णु की प्रतीत होती है। मूर्ति को मंदिर परिसर में रखा गया है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि गांव में खोदाई के दौरान मूर्ति मिलने की जानकारी नहीं है। एसडीएम ने अर्चना अग्निहोत्री ने बताया कि मूर्ति मिलने की जानकारी नहीं है। ऐसा है तो लेखपाल को भेजकर रिपोर्ट मांगी जाएगी।

# ग्रीनपार्क में टेस्ट मैच के दौरान स्टेडियम में पत्तल में मिलेगा खाना

## वजह जानकर आपका भी दिल हो जाएगा खुश!



**नईदिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच को रोमांच के साथ पर्यावरण संरक्षण के संदेश के लिए भी याद किया जाएगा। स्टेडियम में 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच में स्टेडियम को प्लास्टिक मुक्त जोन बनाया जाएगा। मैच के दौरान स्टेडियम में पॉलीथिन प्रतिबंधित रहेगी। क्रिकेट प्रेमियों के लिए वेंडर खाने-पीने का सामान कागज और पत्तल से बनी प्लेट में देंगे।

# सप्ताह में 4 दिन पारसनाथ और डालटनगंज होकर चलेगी वंदे भारत

**जमशेदपुर, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

टाटा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस चार दिन डालटनगंज और पारसनाथ से चलेगी। दक्षिण रेलवे के आदेश के तहत 20893 टाटानगर-पारसनाथ-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को चलेगी। टाटा पटना वंदे भारत ट्रेन सुबह साढ़े पांच बजे टाटानगर से रवाना होकर चांडिल, मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, पारसनाथ से कोडरमा, गया होते हुए पटना 12 बजकर 45 मिनट में पहुंचेगी। जबकि डाउन ट्रेन पटना से दोपहर सवा दो बजे रवाना होकर रात साढ़े नौ बजे टाटानगर आएगी। जबकि 21893 टाटा-डालटनगंज-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस रविवार को टाटानगर से चांडिल, मुरी, बरकाकाना, डाल्टनगंज, गढ़वा रोड, सोननगर, गया होते हुए पटना जाएगी। यह ट्रेन भी रविवार सुबह साढ़े पांच बजे टाटानगर से रवाना होकर दोपहर तीन बजकर 55 मिनट पर पटना



पहुंचेगी जबकि डाउन ट्रेन दूसरे दिन, सोमवार दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर रवाना होकर रात 11 बजकर 55 मिनट पर टाटानगर आएगी। इसके अलावा 21895-21896 टाटा-पटना-टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे टाटानगर से रवाना होगी और दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुंचेगी। जबकि डाउन रैक शाम पौने पांच बजे पटना से रवाना होकर रात 11 बजकर 55 मिनट पर टाटानगर आएगी। तीनों रैक आठ-आठ कोच वाले होंगे और इसका प्राईमरी मेंटेनेंस टाटानगर व पटना में होगी। पटना-टाटा-पटना वंदेभारत एक्सप्रेस (गोमोह) से 22 सितंबर को टाटानगर से ट्रेन संख्या 21895 प्रत्येक सोमवार को सुबह 5.30 बजे खुलेगी।

यह टाटानगर से चांडिल सुबह 6 बजे पहुंचे। यहां से मुरी सुबह 7.13 बजे, बोकारो स्टील सिटी सुबह 8.08 बजे, गोमोह सुबह 8.53 बजे, पारसनाथ सुबह 9.05 बजे, कोडरमा सुबह 9.53 बजे, गया सुबह 11.05 बजे और पटना दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी। पटना से टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस अपने ट्रायल रन में ही तीन घंटे देर से सोमवार सुबह टाटानगर पहुंची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेन को रविवार को ही आनलाइन हरी झंडी दिखाई थी। रविवार रात यह ट्रेन लगभग आठ बजकर 20 मिनट पर पटना पहुंची और पौने नौ बजे वापस टाटानगर के लिए रवाना हो गई। इस ट्रेन का टाटानगर में निर्धारित समय सुबह सात बजे है जबकि यह लगभग 10 बजे पहुंची।

# दिल्लीवाले ध्यान दें! 18 और 19 सितंबर को 13 इलाकों में नहीं आएगा पानी, कहीं आपका इलाका तो नहीं है शामिल



**दक्षिणी दिल्ली, 17 सितम्बर [एजेंसी]।**

दक्षिण दिल्ली के कई इलाकों में बुधवार सुबह 10 बजे से 12 घंटे तक पानी की सप्लाई नहीं होगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने इस संबंध में जानकारी दी है। जल बोर्ड ने परेशानी से बचने के लिए लोगों को पहले से पानी स्टोर करने की सलाह दी है। पानी की सप्लाई रोकने का कारण रखरखाव कार्य को बताया गया है। सफदरजंग इन्क्लेव, हौज खास, मस्जिद मोठ समेत 13 इलाकों में दो दिन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने सोमवार को अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी है। जल बोर्ड के मुताबिक डीडीए फ्लैट्स मुनिरका को आपूर्ति करने वाली डीयर पार्क बीपीएस की आउटलेट लाइन पर 500 मिमी व्यास का फ्लोमीटर लगाया जाएगा। इस कारण डीयर पार्क बीपीएस की 600 मिमी आउटलेट लाइन से 18 सितंबर को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक 12 घंटे जलापूर्ति नहीं हो पाएगी। ऐसे में ग्रीन पार्क, सफदरजंग इन्क्लेव, एसडीए, हौजखास, मुनिरका, किशनगढ़, मस्जिद मोठ, महरौली, आईआईटी, आईएनयू, एआईएमएस, सफदरजंग अस्पताल और डीयर पार्क यूजीआर के आसपास के क्षेत्र में 18 सितंबर की शाम और 19 सितंबर की सुबह जलापूर्ति ठप रहेगी।

# शिल्पकला के मानक को तय किया देवशिल्पी ने

हिन्दू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। मान्यता है कि सोने की लंका का निर्माण उन्होंने ही किया था। इनकी ऋद्धि सिद्धि और संज्ञा नाम की तीन पुत्रियाँ थी जिनमें से ऋद्धि सिद्धि का विवाह भगवान चंद्रशेखर और माता पार्वती के सबसे छोटे पुत्र भगवान गणेश से हुआ था तथा संज्ञा का विवाह महर्षि कश्यप और देवी अदिति के पुत्र भगवान सूर्यनारायण से हुआ था यमराज , यमुना, कालिंदी और अश्वनीकुमार इनकी ही संताने हैं।

## वेदों में उल्लेख

ऋग्वेद मे विश्वकर्मा सुक्त के नाम से 11 ऋचाऐ लिखी हुई है। जिनके प्रत्येक मन्त्र पर लिखा है ऋषि विश्वकर्मा भौवन देवता आदि। यही सुक्त यजुर्वेद अध्याय 17, सुक्त मन्त्र 16 से 31 तक 16 मन्त्रो मे आया है ऋग्वेद मे विश्वकर्मा शब्द का एक बार इन्द्र व सुर्य का विशेषण बनकर भी प्रयुक्त हुआ है। परवर्ती वेदों मे भी विशेषण रूप मे इसके प्रयोग अज्ञत नही है यह प्रजापति का भी विशेषण बन कर आया है। पूर्ण परमात्मा ने इस संसार को बनाया  है उन्होंने माँ के गर्भ में भी हमारा पालन-पोषण किया। क्या उस परमात्मा की जगह हम अन्य देवी - देवताओं को विश्व रचयिता कह सकते है, बिल्कुल नहीं।

## प्रजापति विश्वकर्मा विसुचित।

परन्तु महाभारत के खिल भाग सहित सभी पुराणकार प्रभात पुत्र विश्वकर्मा को आदि विश्वकर्मा मानतें हैं। स्कंद पुराण प्रभात खण्ड के निम्न श्लोक की भांति किंचित पाठ भेद से सभी पुराणों में यह श्लोक मिलता है।

महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र बृहस्पति की बहन भुवना जो ब्रह्मविद्या जानने वाली थी वह अष्टम् वसु महर्षि प्रभास की पत्नी बनी और उससे सम्पुर्ण शिल्प विद्या के ज्ञाता प्रजापति विश्वकर्मा का जन्म हुआ। पुराणों में कहीं योगसिद्धा, वरस्त्री नाम भी बृहस्पति की बहन का लिखा है। शिल्प शास्त्र का कर्ता वह ईश विश्वकर्मा देवताओं का आचार्य है, सम्पूर्ण सिद्धियों का जनक है, वह प्रभास ऋषि का पुत्र है और महर्षि अंगिरा के ज्येष्ठ पुत्र का भानजा है। अर्थात अंगिरा का दौहितृ (दोहिता) है। अंगिरा कुल से विश्वकर्मा का सम्बन्ध तो सभी विद्वान स्वीकार करते हैं। जिस तरह भारत मे विश्वकर्मा को शिल्पशस्त्र का अविष्कार करने वाला देवता माना जाता हे और सभी कारीगर उनकी पुजा करते हे। उसी तरह चीन मे लु पान को बदइयों का देवता माना जाता है। प्राचीन ग्रन्थों के मनन-अनुशीलन से यह विदित होता है कि जहाँ ब्रहा, विष्णु ओर महेश की वन्दना-अर्चना हुई है, वही भनवान विश्वकर्मा को भी स्मरण-परिष्टवन किया गया है।  विश्वकर्मा शब्द से ही यह अर्थ-व्यंजित होता है

## विशवं कृत्स्नं कर्म व्यापारो वा यस्य सः

अर्थात: जिसकी सम्यक् सृष्टि और कर्म व्यपार है वह विशवकर्मा है। यही विश्वकर्मा प्रभु है, प्रभूत पराक्रम-प्रतिपत्र, विशवरुप विशवात्मा है। वेदों में

विशवत: चक्षुरुत विश्वतोमुखो विश्वतोबाहुरुत विश्वस्पात

कहकर इनकी सर्वव्यापकता, सर्वज्ञता, शक्ति-सम्पन्ता और अनन्तता दर्शायी गयी है। हमारा उद्देश्य तो यहाँ विश्वकर्मा जी का परिचय कराना है। माना कई विश्वकर्मा हुए हैं और आगे चलकर विश्वकर्मा के गुणों को धारण करने वाले श्रेष्ठ पुरुष को विश्वकर्मा की उपाधि से अलंकृत किया जाने लगा हो तो यह बात भी मानी जानी चाहिए। भारतीय संस्कृति के अंतर्गत भी शिल्प संकायो, कारखानो, उद्योगों में भगवान विशवकर्मा की महता को प्रगत करते हुए प्रत्येक वर्ष 17 सितम्बर को श्वम दिवस के रूप मे मनाता हे। यह उत्पादन-वृदि ओर राष्टीय समृद्धि के लिए एक संकलप दिवस है। यह जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान नारे को भी श्वम दिवस का संकल्प समाहित किये हुऐ है। यह पर्व सोरवर्ष के कन्या संर्कांति मे प्रतिवर्ष 17 सितम्बर विशवकर्मा-पुजा के रूप मे सरकारी व गैर सरकारी ईजीनियरिग संस्थानो मे बडे ही हर्षौलास से सम्पन्न होता हे। लोग भ्रम वश इस पर्व को विश्वकर्मा जयंति मानते हे। जो सर्वदा अनुचित हे। भाद्रपद शुक्ला प्रतिपदा कन्या की संक्राति (17 सितम्बर), कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा (गोवर्धन पूजा), भाद्रपद पंचमी (अंगिरा जयन्ति) मई दिवस आदि विश्वकर्मा-पुजा महोत्सव पर्व है। इन पर्वो पर भगवान विश्वकर्मा जी की पुजा-अर्चना की जाती है।



भगवान विशवकर्मा जी की वर्ष मे कई बार पुजा व महोत्सव मनाया जाता है। जैसे भाद्रपद शुक्ला प्रतिपदा इस तिंथि की महिमा का पुर्व विवरण महाभारत मे विशेष रूप से मिलता है। इस दिन भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की जाती है। यह शिलांग और पूर्वी बंगला मे मुख्य तौर पर मनाया जाता है। अन्नकुट (गोवर्धन पूजा) दिपावली से अगले दिन भगवान विश्वकर्मा जी की पुजा अर्चना (औजार पूजा) की जाती है। मई दिवस, विदेशी त्योहार का प्रतीक है। रुसी क्रांति श्रमिक वर्ग कि जीत का नाम ही मई मास के रुसी श्रम दिवस के रूप मे मनाया जाता है। 5 मई को ऋषि अंगिरा जयन्ति होने से विश्वकर्मा-पुजा महोत्सव मनाया जाता है भगवान विश्वकर्मा जी की जन्म तिथि माघ मास त्रयोदशी शुक्ल पक्ष दिन रविवार का ही साक्षत रूप से सुर्य की ज्योति है। ब्राहाण हेली को यजो से प्रसन हो कर माघ मास मे साक्षात रूप मे भगवान विश्वकर्मा ने दर्शन दिये। श्री विश्वकर्मा जी का वर्णन मदरहने वृध्द वशीष्ट पुराण मे भी है। धर्मशास्त्र भी माघ शुक्ल त्रयोदशी को ही विश्वकर्मा जयंति बता रहे है। अत: अन्य दिवस भगवान विश्वकर्मा जी की पुजा-अर्चना व महोत्सव दिवस के रूप मे मनाऐ जाते है। ईसी तरह भगवान विश्वकर्मा जी की जयन्ती पर भी विद्वानों में मतभेद है। भगवान विश्वकर्मा जी की वर्ष मे कई बार पुजा व महोत्सव मनाया जाता है। नि:देह यह विषय निर्भ्रम नहीं है। हम स्वीकार करते है प्रभास पुत्र विश्वकर्मा, भुवन पुत्र विश्वकर्मा तथा त्वष्ठापुत्र विश्वकर्मा आदि अनेकों विश्वकर्मा हुए हैं। यह अनुसंधान का विषय है। अत: सभी विशवकर्मा मन्दिर व धर्मशालाऔं, विशवकर्मा जी से सम्भधींत संस्थाऔं, संघ व समितिऔं को प्रस्ताव पारित करके भारत सरकार से मांग जानी चाहीए की सम्पुर्ण संस्कृत साहित्य का अवलोकन किया जाय, भारत की विभिन्न युनीर्वशटीजो मे इस विष्य पर शौध की जानी चाहीए, विदेशों में भी खोज की जाय, तथा भारत सरकार विश्वकर्मा वशिंयो का सर्वेक्षण किसी प्रमुख मीडिया एजेन्सी से करवाऐ। श्रुति का वचन है कि विवाह, यज्ञ, गृह प्रवेश आदि कर्यो मे अनिवार्य रूप से विशवकर्मा-पुजा करनी चाहिए





बलुआ पत्थर से निर्मित एक आर्किटेक्चरल पैनेल में भगवान विश्वकर्मा ( 10वीं शताब्दी ); बीच में गरुड़ पर विराजमान विष्णु हैं, बाएँ ब्रह्मा हैं, तथा दायें तरफ भगवान विश्वकर्मा हैं।

## विवाहदिषु यज्ञषु गृहारामविधायके।

सर्वकर्मसु संपूज्यो विशवकर्मा इति श्रुतम॥

स्पष्ट है कि विशवकर्मा पूजा जन कल्याणकारी है। अतएव प्रत्येक प्राणी सृष्टिकर्ता, शिल्प कलाधिपति, तकनीकी ओर विज्ञान के जनक भगवान विशवकर्मा जी की पुजा-अर्चना अपनी व राष्टीय उन्नति के लिए अवश्य करनी चाहिए।

## आईफा से मिलने वाला प्यार और ऊर्जा बेजोड़ है : अनन्या पांडेय



फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडेय अंतर्राष्टीय भारतीय फिल्म अकादमी (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आइफा) पुरस्कार के 24वें संस्करण में शामिल होने को लेकर जोरदार तैयारियां कर रही हैं। आईफा अवार्ड्स में अपने प्रदर्शन को लेकर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, इस साल आईफा अवार्ड्स में प्रदर्शन करने के लिए मैं पूरी तरह से उत्साहित हूं। आईफा जो ऊर्जा, उत्सव और भारतीय सिनेमा के प्रति प्यार लाता है, उसका कोई मुकाबला नहीं है। मैं वैश्विक दर्शकों के लिए कुछ खास और रोमांच लाने के लिए तत्पर हूं। उन्होंने आगे कहा, यह एक अद्वितीय मंच है जो हमारे भारतीय सिनेमा प्रेमियों को पूरे विश्व से जोड़ता है, और मैं एक बार फिर से यास आइलैंड, अबू धाबी में इस अविस्मरणीय रात का हिस्सा बनने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती। बता दें कि आईफा समारोह 27 से 29 सितंबर तक यास आइलैंड, अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। यह महोत्सव आईफा पुरस्कारों के साथ शुरू होगा। इसे शाहरुख़ ख़ान, करण जौहर और विक्की कौशल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। आईफा अवार्ड्स में प्रदर्शन करने वाले कलाकारों में रेखा, शाहिद कपूर, विक्की कौशल, कृति सेनन और जाह्नवी कपूर शामिल हैं। इस पुरस्कार समारोह में हिंदी सिनेमा की चमक, दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग की गतिशीलता, ओटीटी प्लेटफॉर्म, वैश्विक सितारे, अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्ति और सिनेमा प्रेमी शामिल होंगे।



## स्टाइलिश आउटफिट पहन अवनीत कौर ने शेयर किया हॉट लुक

छोटे पर्दे से करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग और फैशन स्टेटमेंट्स से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस अवनीत कौर इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका स्टनिंग लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस अवनीत कौर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो किलर अंदाज में पोज देते हुए नजर आ रही हैं।बालों को कर्ली स्टाइल लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं।

# एक अनार सौ बीमार... क्या वाकई कई बीमारियों को ठीक कर सकता है अनार?



एक अनार सौ बीमार वाली कहावत तो आप सभी ने सुनी होगी लेकिन क्या आप जानते हैं कि सचमुच में अनार कितना फायदेमंद है. फलों का राजा भले ही आम को माना जाता है लेकिन अनार रामबाण है. अनार में एक नहीं, कई गुणकारी तत्व पाए जाते हैं. इसके दानों से लेकर रस और छिलके तक जबरदस्त लाभकारी हैं. इसे खाने से कई तरह की बीमारियां शरीर से दूर रहती हैं.

अक्सर आपने देखा भी होगा कि बीमारी में या इससे ठीक होने के बाद ज्यादातर लोगों को अनार खिलाया जाता है. आइए जानते हैं इसके क्या-क्या फायदे हैं और यह किस-किस बीमारियों को ठीक कर सकता है...अनार की ताकत क्या है-अनार में काफी मात्रा में आयरन पाया जाता है, जो शरीर में हिमोग्लोबिन को बढ़ाता है. बीमारी में आयरन कम हो जाता है, इसलिए डॉक्टर अनार खिलाने की सलाह देते हैं. इसके अलावा अनार के दानों में कार्बोहाइड्रेट, मैग्नीशियम, पोटैशियम, आयरन, टेनिन, विटामिन्स कूट-कूटकर भरे होते हैं. आयुर्वेद में तो अनार के दाने, पत्ते, जड़, फूल, बीज के छिलके भी गुणकारी माने गए हैं.

अनार इन बीमारियों में फायदेमंद

चेहरे की रौनक बढ़ाए- अनार के छिलकों को सुखाकर पाउडर बनाएं. इसमें थोड़ा सा गुलाब जल मिलाकर मुंह पर लगाएं. थोड़ी देर बाद मुंह धोएं. हफ्ते में तीन बार ऐसा करने से चेहरे की रौनक लौट आती है और डलनेस खत्म होती है.

पेट दर्द से छुटकारा

अनार के आधे कप रस में काली मिर्च और नमक डालकर पीने से पेट दर्द से छुटकारा मिल सकता है. 10-15 ग्राम अनार के सूखे छिलके पीसकर उसमें दो लौंग पाउडर मिलाकर पानी में उबालें. जब आधा पानी रह जाए तो तीन खुराक दिन में पिएं. इससे दस्त से आराम मिल सकता है.

खांसी ठीक करे-10 ग्राम अनार के छिलके में 2 ग्राम नमक को मिलाकर पीसकर शहद के साथ चाटने से खांसी चुटकी में दूर हो सकती है. नाक में अनार का जूस डालने से खून आना बंद हो सकता है. 8 ग्राम अनार के छिलके का चूर्ण पानी के साथ पीने से खूनी बवासीर से आराम मिल सकता है.

घबराहट कम करे

60-70 ग्राम अनारदाना, 20 दाने काली मिर्च, आधा चम्मच भुना जीरा, एक चुटकी भुनी हींग, दो चुटकी सेंधा नमक को पीसकर पाउडर बना लें. इसे आधा चम्मच खाने से घबराहट और जी मिचलाने की समस्या खत्म हो सकती है.

पायरिया में फायदेमंद-दांतों से खून निकल रहा है यानी पायरिया है तो अनार के सूखे फूल बारीक पीसकर मंजन की तरह दिन में 2-3 बार करें. इससे दांतों से खून आना बंद हो जाएगा और दांतों को मजबूती भी मिल सकती है.

भूख बढ़ाए, खाना पचाए-अगर किसी को कम भूख लगती है या पाचन से जुड़ी कोई समस्या है तो अनार के दाने फायदेमंद हो सकते हैं. सेंधा नमक, काली मिर्च, जीरा, हींग को पीसकर पाउडर बनाएं और उसका सेवन करते रहें. पाचन ठीक करने के लिए तीन चम्मच अनार के रस में एक चम्मच जीरा और गुड़ मिलाकर खाने के बाद लें. इससे काफी राहत मिलेगी.पेट में कीड़ों की समस्या खत्म करे-अगर पेट में कीड़े हैं तो अनार के छिलके इन्हें खत्म कर सकते हैं. अनार के सूखे छिलकों के पाउडर को एक चम्मच में लेकर दिन में तीन बार पानी के साथ लें. पेट के कीड़े खत्म हो सकते हैं. यह पाउडर पीडियड्स की समस्या में ज्यादा ब्लीडिंग में भी लाभकारी होता है.

## शब्द सामर्थ्य -180


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. साथी, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोंचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए, ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 179 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | | म | हा | र | त |
| क | | ह | | | | | जा | न |
| | जा | न | की | | क | म | नी | य |
| | | त | म | क | ना | | | |
| म | | | त | ह | त | | दा | ब |
| सी | मा | | | ला | | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | | खा | | च |
| | | द | | | घा | ल | मे | ल |
| | ब | द | ह | वा | स | | | न |





## ट्रेंडिंग डाइट प्लान से तेजी से घटा रहे हैं वजन तो जान लें ये चौंका देने वाली बात, वरना बाद में पड़ सकता है पछताना

बढ़ा हुआ वजन और मोटापा आज सबसे बड़ी समस्याओं में से एक बन गया है. ज्यादातर लोग इसे चुटकियों में खत्म करना चाहते हैं. क्विक वेट लॉस के लिए वे कीटो डाइट या रैपिड-शॉर्ट टर्म की मदद लेते हैं, जो खतरनाक हो सकता है.

इन तरीकों से 10-12 किलो वजन तो तेजी से घटाया जा सकता है लेकिन जब इस डाइट को छोड़ते हैं तो वजन मेंटेन नहीं रह पाता है और दोगुनी तेजी से बढ़ सकता है. इसके अलावा भी इससे कई खतरे हैं. अगर आप भी वजन तेजी से कम करना चाहते हैं तो कुछ गलतफमियों को दूर करना बेहद जरूरी है...

तेजी से वजन घटाने में कोई बुराई नहीं है

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, क्विक वेट लॉस का तरीका बिल्कुल भी सही नहीं है. इससे शरीर को कई गंभीर नुकसान उठाने पड़ सकते हैं. हमेशा धीमी और सही तरीके से वजन कम करना ही बेहतर होता है. कई स्टडीज में पता चला है कि जो लोग धीरे-धीरे वजन कम करते हैं, उनका वजन लंबे समय तक कंट्रोल में रहता है.

एक हफ्ते में ज्यादा वजन नहीं घटाना चाहिए

हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि हफ्ते में 400 ग्राम से 1 किलो तक वजन कम करना सुरक्षित होता है लेकिन इससे ज्यादा वजन कम करना ठीक नहीं होता है. इसके कई दुष्परिणाम देखने को मिल सकते हैं. तेजी से वजन कम करने वालों के मांसपेशियों को नुकसान, पित्ताशय में पथरी और पोषण संबंधी समस्याएं हो सकती हैं. इसके अलावा मेटाबॉलिज्म डिसऑर्डर भी बढ़ सकता है, जो वजन को तेजी से बढ़ा सकता है.

कीटो डाइट छोड़ने के बाद तेजी से बढ़ने लगता है वेट

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर आप लंबे समय तक कीटो डाइट फॉलो करते हैं तो कई नुकसान उठाने पड़ सकते हैं. 30 से 90 दिन तक के लिए तो यह अच्छा होता है. क्योंकि इस डाइट की सबसे बड़ी समस्या होती है कि ज्यादातर लोग जब इस डाइट को छोड़कर नॉर्मल डाइट में आते हैं तो उनका वजन तेजी से बढ़ने लगता है, क्योंकि, वो कार्ब्स का सेवन करने लगते हैं. इसलिए कीटो डाइट की बजाय बैलेंस डाइट वजन कम करने के लिए ज्यादा अच्छा माना जाता है.

## द बकिंघम मर्डर्स को मिला वीकेंड का फायदा, पर तुम्बाड को नहीं दे सकी मात

करीना कपूर स्टारर द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज हो गई है. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार ओपनिंग नहीं कर पाई. करीना कपूर की ये मर्डर मिस्ट्री फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन बेहद कम रहा था. लेकिन दूसरे दिन द बकिंघम मर्डर्स को वीकेंड का फायदा मिला है और फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ है. सैकनिल्क के मुताबिक द बकिंघम मर्डर्स ने पहले दिन 1.15 करोड़ रुपए की कमाई की थी. दूसरे दिन फिल्म का कलेक्शन बढ़ा और शनिवार को फिल्म ने 1.90 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया. इस तरह दो दिन में द बकिंघम मर्डर्स ने कुल 3.05 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है.

# कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन

## पुलिस की सख्त कार्रवाई, डीजे और वाहन जब्त

**कोरिया बैकुंठपुर।** मा.उच्च न्यायालय, पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, रेंज आईजी सरगुजा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कोरिया, सूरज सिंह परिहार ने जिले के सभी थानों को वाहन-माउंटेड डीजे पर कठोर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया है। इस आदेश के अनुपालन में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई है।

6 सितम्बर 2024 की रात 12.30 बजे, पुलिस चौकी पोड़ी बचरा के निकट मुख्य मार्ग पर अरविंद कुमार, पिता प्रेम सागर साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी पोड़ी बांधपारा द्वारा पिकअप वाहन में डीजे लोड कर तीव्र ध्वनि में गाने बजाए जा रहे थे। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित डीजे उपकरण (2 नग टॉप बॉक्स, 8 नग बेस बॉक्स, एक जनरेटर, एक मिक्सर, एक ट्यूटर) कुल कीमती 10 लाख 34 हजार जप्त कर धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। इसी प्रकार, 9 सितम्बर 2024 को थाना चरचा में सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रकया में कुछ लोग अत्यधिक ध्वनि में डीजे बजा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने अनावेदक अवधेश कुमार से पूछताछ की। जब उसने वैध अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं की, तो पुलिस ने डीजे एवं वाहन कुल कीमती 09 लाख रूपये को जब्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। थाना सोनहत में भी इसी प्रकार की कार्रवाई की गई, जब बिना अनुमति के डीजे बजाने वाले सरोज कुमार राजवाड़े, पिता मनीलाल राजवाड़े, उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम घुघरा हर्रापारा को कटगोड़ी मेन चौक पर वाहन में डीजे साउंड सिस्टम बजाते हुए पकड़ा गया। वैध अनुमति प्रस्तुत न करने पर, पुलिस ने कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की और 4 नग बेस, 3 नग टॉप, 6 नग हाईस, 1 नग जनरेटर, 1 नग एन लैप, 1 नग जायफर, 1 नग डिस्ट्रीब्यूटर, 1 नग रास ओवर, 1 नग साउंड मिक्सर, 1 नग बोर्ड, 1 नग ट्रस्ट, 4 सेट बेल्ट क्लिप, कनेक्शन वायर एवं पिकअप वाहन कुल कीमती 06 लाख को जब्त कर कब्जे में लिया है। थाना पटना क्षेत्र में, 10 सितम्बर 2024 की शाम को ग्राम बासन सरभोका में बिना वैध अनुज्ञप्ति के तीव्र ध्वनि में डीजे साउंड सिस्टम बजाने पर पुलिस ने 4 नग बेस, 4 नग टॉप, 3 नग पार लाइट, 1 नग एम्प्लीफायर, 1 नग जनरेटर एवं पिकअप वाहन कुल कीमती 7 लाख को जप्त कर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।



उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व, कलेक्टर एवं एसपी कोरिया के निर्देशानुसार जिले के सभी थानों में तहसीलदार एवं थाना प्रभारियों द्वारा शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई थीं, जिसमे छ्छ्छ एवं टेंट हॉउस संचालको के साथ-साथ आयोजक समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना और किसी भी अप्रिय घटना को रोकना था। बैठकों में वाहन-माउंटेड डीजे पर सख्त कार्रवाई और यातायात नियमों के पालन के साथ-साथ बिना अनुमति रैलियों पर रोक के विषय में भी जानकारी भी दी गई थी। इसके अतिरिक्त, थाना सोनहत क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश प्राप्त होने पर, 9 सितम्बर 2024 को पीकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 एएच 8466 में सवारी ढोते पकड़े जाने पर, वाहन चालक सुनील कुमार, पिता कैलाश प्रसाद चेरवा, उम्र 27 वर्ष, निवासी एतवार, चौकी रामगढ़ के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 66/192 (क)(1) के तहत कार्रवाई कर 5000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया। इसी क्रम में, 13 सितम्बर 2024 को पीकअप वाहन क्रमांक P 64 T 3739 में सवारी ढोते पाए जाने पर, वाहन चालक राजेंद्र प्रसाद साहू, पिता गुलाब साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम छिंगुरा थाना सोनहत के विरुद्ध भी मोटर वाहन अधिनियम की धारा 66/192 (क)(1) के तहत कार्रवाई करते हुए 5000 रुपये का समन शुल्क वसूला गया।



## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्री मैट्रिक छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत, प्री मैट्रिक छात्रावास तंजरा एवं निर्माणाधीन एकलव्य आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टर से प्रतिदिन आने वाले ओ.पी.डी तथा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली इस दौरान कलेक्टर ने प्रसव कक्ष सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और साफ-सफाई व समुचित व्यवस्था सुधारने की हिदायत दी। उन्होंने पोषण पुनर्वास केंद्र को प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए पूर्व में संचालित भवन के मरम्मत हेतु स्टिमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने निर्माणधीन नवीन आवसीय विद्यालय का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करने पर कड़ी नराजगी व्यक्त की। साथ ही ठेकेदार को गुणवत्ता निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार प्री मैट्रिक छात्रावास तंजरा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने किचन कक्ष में गंदगी एवं स्टोर रूम मे खाद्य सामग्री अव्यस्थित पाये जाने पर छात्रावास अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिये। उन्होंने छात्रावास के बच्चो से मुलाकात कर छात्रावास में होने वाले पढ़ाई और उनके खाने के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राकेश साहू, जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज जगत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज ने ईद के मौके पर नगर में निकाला जुलूस



**चरचा कालरी।** पैगंबर इस्लाम सरकारे मुस्तफा सलल्लाहो अलैहे वसल्लम की यौमे विलादत की खुशी में इस्लाम धर्म को मानने वाले अनुयायियों ने अंजुमन इस्लामिया कमेटी चर्चा के मार्गदर्शन में चर्चा के मदरसे से शुरुआत कर पूरे शहर में जुलूस निकाला गया धार्मिक नारों व इस्लामी झंडे के साथ यह जुलूस राजीव गांधी चौक ,न्यू मार्केट ,बीटीसी कॉलोनी ,पूर्वी नेपाल गेट होते हुए अहमद पेट्रोल पंप के सामने स्थित पार्क में जाकर आमसभा में तब्दील हुआ जहां लोगों को बिरयानी बांटी गई जुलूस में काफी संख्या में बच्चे महिलाएं एवं इस्लाम धर्म को मानने वाले लोग शामिल थे इस पाक पर्व के अवसर पर देश में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। वही जुलूस के दौरान जगह-जगह आम लंगर और शरबत का भी आयोजन लोगों द्वारा किया गया इस जुलूस में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल थे।

ईद-ए-मिलाद-उन-नबी इस्लाम धर्म का बेहद महत्वपूर्ण त्योहार है। कहते हैं कि इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। उनके जन्म वर्षगांठ के दिन पैगंबर साहब की याद में खुशी के पर्व के तौर पर इस त्योहार को मनाते हैं। ईद ए मिलाद उन नबी हर साल रबी-उल-अव्वल के 12वें दिन मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन को नियम से निभाने से लोग अल्लाह के और करीब आते हैं लोग आपस में खुशियां मनाते हैं और खुद को अल्लाह का करम महसूस करते हैं इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने दुनिया को भाईचारा का संदेश देते हुए आपसी सौहार्द बनकर जीने की राह बताई है शांति प्रगति ,एकता और भाईचारा हजरत मोहम्मद साहब की सबसे बड़ी शिक्षा है लिहाजा प्रत्येक मुसलमान को शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभानी चाहिए इस पर्व के मौके पर लोग घरों और मस्जिदों में पवित्र कुरान को पढ़ते हैं। इस्लाम धर्म के लोगों का मानना है कि कुरान पढ़ने और मोहम्मद साहब के संदेशों का पाठ करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। इस मौके पर जुलूस भी निकाला जाता है और गरीबों को भोजन कराया जाता है। ईद ए मिलाद उन नबी के मौके पर दोस्तों, प्रियजनों और रिश्तेदारों को खूबसूरत पैगामों के जरिए मुबारकबाद देते हैं।

## महर्षि कश्यप जयंती पर हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया

**रामानुजगंज।** केशरवानी वैश्य नगर सभा के द्वारा महर्षि कश्यप के जयंती के अवसर पर हवन, पूजन का कार्यक्रम स्थानीय आमंत्रण धर्मशाला में आयोजित किया गया।

## लगातार नुकसान, अब हाथियों का अटैक बना बनारस मार्ग पर

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र प्रतापपुर के विभिन्न क्षेत्रों में विचरण कर रहा दो हाथियों का दल ग्रामीणों को लगातार आर्थिक नुकसान पहुंचाने में लगा हुआ है।रविवार को रात नौ बजे के करीब इस दल ने दरहोरा के हाथी गड्ढा में स्थित ग्रामीणों की बस्ती में प्रवेश कर एक ग्रामीण आसन सिंह के मकान को घेरकर मकान को क्षति पहुंचानी शुरू कर दी। आवाज सुनकर अंदर सो रहे ग्रामीण व उसके स्वजन को यह समझते देर नहीं लगी कि हाथियों ने मकान पर हमला कर दिया है। उन्होंने बचाव के लिए चीख पुकार मचानी शुरू कर दी। इस बीच मौके पर पूरी निडरता के साथ डटी हुई वन विभाग की टीम व हाथी मित्र दल ने विभागीय वाहन में लगे सायरन की आवाज व सर्च लाइट की रोशनी की मदद से हाथियों के दल को बस्ती से बाहर खदेड़ा।



तब कहीं जाकर ग्रामीण व उसके स्वजन की जान बच सकी। पर तब तक यह दल ग्रामीण के मकान के एक तरफ के हिस्से को क्षतिग्रस्त कर चुका था। इसके अलावा इस दल द्वारा कई ग्रामीणों की फसलों को भी नुकसान पहुंचाने की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है कि यह दो हाथियों का दल रविवार को शाम सात बजे सरहरी के अमर पहाड़ जंगल से लगे गोरहाडांड़ से विचरण करते हुए रात आठ बजे के करीब बनारस मार्ग पर पहुंच गया था। मौके पर मौजूद वन विभाग की टीम व हाथी मित्र दल ने एहतियात के तौर पर बनारस मार्ग में हो रही आवाजाही पर रोक लगा दी थी। कुछ देर बाद यह दल बनारस मार्ग को पार कर दरहोरा के असनापारा की ओर बढ़ गया फिर वहीं से कुंडपानी के जंगल से होते हुए हाथी गड्ढा में स्थित ग्रामीणों की बस्ती में पहुंचा और ग्रामीण आसन सिंह के मकान को नुकसान पहुंचाया। फिलहाल यह दल वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत दरहोरा के असनापारा से लगे हड़ही जंगल के कक्ष क्रमांक आर?एफ 101 में पहुंचकर विचरण कर रहा है। वन क्षेत्र टुकुडांड़ के वनकर्मी, हाथी मित्र दल व हाथी प्रभारी के द्वारा ग्रामीणों को हाथियों की लोकेशन की जानकारी देकर सजग किया जा रहा है।

## तीन स्थान पर गिरा विशाल वृक्ष कलाकेंद्र में मची अफरातफरी

**अंबिकापुर।** दो दिन से हो रही बारिश के कारण शहर में तीन अलग-अलग स्थान पर विशाल पेड़ गिर जाने से अफरातफरी मच गई। नगर के रामानुजगंज रोड पर रवि फ्यूल के समीप साल का विशाल पेड़ गिर गया जिससे घंटो बिजली आपूर्ति ठप रही। शहर के कुछ क्षेत्रों में दूसरे इलाके से बिजली आपूर्ति कर दी गई किंतु इसके सुधार कार्य में कई घंटे लग गए। कई इंसुलेटर व हाई टेंशन तार के साथ केवल भी टूट गया था। घंटों बिजली बाधा बनी रही। बारिश के बीच विद्युत कर्मचारियों ने मशक्कत कर पेड़ को काटकर हटाया और व्यवस्था दुरुस्त की। बारिश के कारण मरम्मत कार्य में भी बाधा आई। उधर कलाकेंद्र मैदान में ईद ए मिलादुन्नबी का आयोजन चल रहा था, इसी दौरान यूकेलिप्टस का विशाल पेड़ अचानक मैदान पर ही गिर पड़ा। जहां बड़ी संख्या में दो पहिया, चार पहिया वाहन खड़ी थीं। आधा दर्जन दो पहिया वाहन व चार पहिया वाहन भी यूकेलिप्टस पेड़ के चपेट में आ गए।यहीं पर खड़े दो लोगों को मामूली चोटें भी आईं,वे बाल बाल बच गए।विशाल पेड़ गिरने से आयोजन स्थल पर कुछ देर के लिए अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई। नवापारा मोहल्ले में डाइट संस्थान के पीछे भी यूकेलिप्टस का बड़ा पेड़ गिर गया जिससे आवागमन प्रभावित रहा। कुछ घंटे में ही शहर में तीन अलग-अलग स्थान पर बड़े पेड़ गिर गए जिसे काट कर हटाने में लंबा वक्त लग गया। पहली घटना सुबह लगभग आठ बजे की है। रामानुजगंज मार्ग पर तकिया मोड़ से ठीक पहले रवि फ्यूल के समीप साल का पेड़ 11 केवी डीसी रोड फीडर की लाइन पर गिर गया।इसके गिरने के कारण तार टूट गया है। वीक्रॉस आर्म टूट गया है।इससे शहर के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गई। दोपहर लगभग एक बिजली आपूर्ति दुरुस्त हुई। सीएसपीडीसीएल के कार्यपालन अभियंता शहर एसपी कुमार के नेतृत्व में पूरा अमला व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। बारिश के बीच ईद ए मिलादुन्नबी का जुलूस कला केंद्र मैदान पहुंचा ,जहां सम्मान समारोह का आयोजन था। यहां काफी भीड़ जुटी थी। एक हिस्से पर दोपहिया, चार पहिया वाहन भी पार्क की गई थी।

## जमीन विवाद पर ग्रामीण की हत्या पिता व उसके दो पुत्र गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** जमीन विवाद पर टंगी से वार कर ग्रामीण की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने पिता व उसके दो पुत्रों को गिरफ्तार किया है। दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पूर्व में मारपीट भी हुई थी। इस घटना की रिपोर्ट धौरपुर थाने में भी दर्ज कराई गई थी। इसी बीच आरोपितों ने सुनियोजित तरीके से ग्रामीण पर हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी।



सरगुजा जिले के धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर में 14 सितंबर की सुबह मृतक पंचम राम अपने मक्का बाड़ी में घेराव करने के लिए खंबा लगाने गया था। उसी दौरान जमीन विवाद को लेकर गांव का ही तेंदुपरिहा उर्फ़ बृजमोहन लकड़ा एवं उसके पुत्र सिमोन लकड़ा एवं उमेश लकड़ा उर्फ बाबू ने मृतक पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया गया था। टांगी के प्रहार से अचेत हुए ग्रामीण को वहीं पर छोड़कर तीनों आरोपित भाग गए थे। घायल को स्वजन ने पहले धौरपुर अस्पताल पहुंचाया था। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर किया गया था। उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही धौरपुर पुलिस गांव में पहुंची। आरोपित तेंदुपरिहा उर्फ़ बृजमोहन लकड़ा ( 54) , उसके पुत्र सिमोन लकड़ा (35) ,व उमेश लकड़ा उर्फ़ बाबू (21) को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में तीनों ने स्वीकार किया कि जमीन विवाद के कारण मृतक से वे रंजिश रखते थे। मौका मिलते ही उस पर जानलेवा हमला कर दिया था जिससे ग्रामीण की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

## राज्य स्तरीय अस्तेडू अखाड़ा चैंपियनशिप में बलरामपुर के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**रामानुजगंज।** अम्बिकापुर में आयोजित दो दिवसीय 1ह्यह्ल छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय अस्तेडू अखाड़ा चैंपियनशिप 2024 शिवकालीन मरदानी खेल का आयोजन मल्टीपरपज इंदौर हाल अंबिकापुर में हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से लगभग 200 से 250 खिलाड़ियों ने भाग लिए थे ।जिसमें बलरामपुर जिले के 25 युवा और यूवती ने भाग लिए। जिनमें प्रमुख कोच विकास दोहरे और मैनेजर विशाल रवि , अनिल भारती थे। उनके नेतृत्व में बलरामपुर के खिलाड़ियों ने जीते पदक । पदक विजेता क्रमशः 1.प्रेम्ममती आयम(स्वर्ण पदक ),2. सविता श्याम(स्वर्ण पदक,रजत पदक,),3. गुलामति पैकरा( रजत पदक),4.अनिता मिंज (स्वर्ण पदक), 5.कृष्णा मति (रजत पदक),6.अमृता पैकरा (स्वर्ण पदक),7.अनिल भारती (स्वर्ण पदक),8.विशाल रवि(स्वर्ण पदक), 9.सौगादार सिंह(स्वर्ण पदक)10.सुनील कुमार (स्वर्ण पदक),11. हरकू टेकाम (रजत पदक),12.मनोज रवि(स्वर्ण पदक),13.प्रदीप महंत (स्वर्ण पदक),14.सुखदेव सिंह(स्वर्ण पदक),15. सोहन राम (स्वर्ण पदक),16. मनोज सिंह (स्वर्ण पदक), 17.वेदांस महंत (स्वर्ण पदक,18.देवेंद्र तिर्की (स्वर्ण पदक),19.झरोखा महंत (स्वर्ण पदक,स्वर्ण पदक),20.मनोज कुमार रवि (स्वर्ण पदक),21.विकास रवि (स्वर्ण पदक),22.विनय दोहरे(स्वर्ण पदक) जीते । इनके प्रमुख कोच विकास दोहरे , प्रदेश संघ के अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया , प्रदेशसचिव अमन गुप्ता ,जिला सरगुजा के सचिव मोहम्मद शराफ्त , पदक विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री दोहरे जी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह खेल महाराष्ट्र का 1600 शताब्दी में छत्रपति शिवाजी महाराज के कालखंड में खेले जाने वाला खेल है।

## बारिश ने रोकी एथलेटिक्स प्रतियोगिता, खिलाड़ी दुखी

**अंबिकापुर।** सरगुजा संभाग में 530 नगर सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया सोमवार से आरंभ हुई। पहले दिन 700 महिला अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के लिए बुलाया गया था। बारिश के कारण दौड़,ऊंची कूद और लंबी कूद को स्थगित करना पड़ गया। बारिश से एथलेटिक्स के अनुरूप कालेज मैदान नहीं होने के कारण यह निर्णय लेना पड़ा। ऊंचाई और दस्तावेजों में सफल महिला अभ्यर्थियों को अब 28 सितंबर को दौड़ तथा कूद की विधा में शामिल होने बुलाया गया है।

दो दिनों से उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश हो रही है। इसका असर नगर सेना भर्ती प्रक्रिया में भी पड़ा। भर्ती प्रक्रिया के लिए सारी तैयारी एक दिन पहले ही पूरा कर लिया गया था। अत्यधिक बारिश के कारण कालेज मैदान की स्थिति ऐसी नहीं थी कि अभ्यर्थी दौड़ और कूद की विधा में अपना सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस विधा के विशेषज्ञों ने भी मैदान को अनुकूल नहीं पाया इसलिए आज दौड़,ऊंची कूद व लंबी कूद को स्थगित कर दिया गया। 17 सितंबर मंगलवार को भी 700 महिला अभ्यर्थियों को प्रक्रिया में शामिल होना है। नगर सेना के संभागीय कमांडेंट राजेश पांडेय के नेतृत्व में अधिकारी- कर्मचारी सुबह से ही कालेज मैदान में डटे हुए थे। सुबह प्रकिया आरंभ होने के साथ ही तेज बारिश आरंभ हो गई। महिला अभ्यर्थी रेनकोट पहन कर तथा छाता लेकर मैदान में उपस्थित हुए। बारिश को देखते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों के लिए वाटरप्रूफ पंडाल भी तैयार कराया गया है। इन्हीं पंडाल के नीचे अभ्यर्थियों के बैठने की भी व्यवस्था की गई है। संभागीय कमांडेंट राजेश पांडेय के साथ संभाग के सभी जिलों के जिला कमांडेंट, पुलिस के अधिकारी तथा नगर सेना के अधिकारी- कर्मचारी



प्रक्रिया को पूरा करने में लगे हुए हैं। नगर सैनिक भर्ती प्रक्रिया के पहले दिन महिला अभ्यर्थियों ने सबसे पहले अपनी उपस्थिति दी। सूची से उनका नाम मिलान किया गया। अत्याधुनिक उपकरणों से नई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए महिला अभ्यर्थियों की ऊंचाई नापी गई इसमें सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांचे गए दस्तावेजों की जांच के बाद इन अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक से पहचान सुनिश्चित किया गया इस संपूर्ण प्रक्रिया में सफल अभ्यर्थियों को दौड़ तथा ऊंची व लंबी कूद के लिए टोकन जारी कर दिया गया है इन्हें 28 सितंबर को शारीरिक दक्षता के लिए उपस्थित होना है। पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों में होने वाली भर्ती प्रक्रिया के अनुरूप नगर सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया भी हो रही है। इसमें अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। सब कुछ मशीनों से जांचा जा रहा है। इसलिए अभ्यर्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरीके से पारदर्शी है। नगर सेना की ओर से भर्ती प्रक्रिया स्थल पर जगह-जगह बैनर लगाए गए हैं।अभ्यर्थियों को जागरूक किया जा रहा है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरीके से पारदर्शी है इसलिए किसी के बहकावे में ना आए। संभाग के सरगुजा, सूरजपुर,कोरिया, बलरामपुर व जशपुर जिले के बालिका आश्रम, छात्रावासों की सुरक्षा के लिए 430 महिला नगर सैनिकों की भर्ती की जा है। इसके अलावा जनरल ड्यूटी के लिए सरगुजा जिले में 60 व कोरिया जिले में 40 नए नगर सैनिकों की भर्ती हो है। जनरल ड्यूटी के लिए कुल 100 नगर सैनिकों में से 25 पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। कुल 530 नगर सैनिकों में 455 पद पर महिलाओं की नियुक्ति होगी। नगर सेवा में 10 वर्ष बाद नगर सैनिकों की भर्ती हो रही है इसमें भी आश्रम और छात्रावासों की सुरक्षा के लिए महिला नगर सैनिकों की भर्ती इतनी बड़ी संख्या में पहली बार हो रही है। इन पदों के लिए 15125 आवेदन जमा हुए हैं।

# शिल्प और निर्माण के देवता विराजे औद्योगिक नगर में, चौतरफा उत्साह

### विधि विधान के साथ पूजा अर्चना

**कोरबा।** शिल्प कला को नए आयाम देने वाले देवशिल्पी विश्वकर्मा को आज उनके अवतरण दिवस पर औद्योगिक नगर कोरबा में पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ याद किया गया। कोरबा नगर के साथ उप नगरीय क्षेत्र और कस्बों में उनकी प्रतिमा की स्थापना करने के साथ पूजा अर्चना की गई। सभी तरफ भक्तिमय वातावरण में यह कार्य संपन्न हुआ। कुछ स्थान पर रात्रि को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन रखा गया है। बुधवार को शाम प्रतिमाएं विसर्जित की जाएगी।

बिजली, अल्युमिनियम, कोयला के बड़े उद्योगों के अलावा कई अन्य उद्योग कोरबा को बड़े औद्योगिक नगर की पहचान देते हैं, जहां पर शिल्प और निर्माण के आदिशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा विशेष अवसर पर की गई। यह दिन उनके अवतरण से जुड़ा हुआ है। मशीनरी तकनीकी जैसा क्षेत्र भगवान विश्वकर्मा को



उनके योगदान के लिए याद करता है । अवतरण दिवस पर औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ मशीनरी सेक्टर और दक्षता की दिशा में काम करने वाली सभी इकाइयों में देवशिल्पी की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना आज की गई सुबह से दोपहर बाद तक स्थापना पूजा का सिलसिला जारी रहा। इस दौरान वातावरण उत्साह उत्साह और भक्ति से ओतप्रोत नजर आया। औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित प्रतिमा और उनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी।

### वर्कशॉप में जमावड़ा कुछ स्थानों पर नो एंट्री

इस वर्ष विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने कोरबा, कुष्मांडा, गेवरा और दीपिका में स्थित अपनी वर्कशॉप में पूजा अर्चना की। यहां पर मशीनों को देखने का अवसर आम लोगों को दिया गया लेकिन खदान क्षेत्र में इस प्रकार की व्यवस्था नहीं रही। बिजली और एल्यूमीनियम सेक्टर में भी सुरक्षा कारण से आम लोगों के प्रवेश को पहले की तरह प्रतिबन्धित रखा गया। जिन स्थानों पर लोगों की पहुंच आसान रही वहां पर उन्हें प्रसाद भी वितरित किया गया। कोरबा के खरमोरा औद्योगिक क्षेत्र समेत अन्य इलाकों में विश्वकर्मा पूजा को लेकर आज मेला जैसा माहौल रहा। उद्यमियों ने इस दौरान अपने सरोकार दिखाए।

### संगीतमय कार्यक्रम आज

गणेश विसर्जन और विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष में कोरबा जिले के कटघोरा नगर में आज रात्रि 8 बजे से दुकालू श्रीवास का संगीत में कार्यक्रम रखा गया है। आयोजको ने बताया कि बारिश को देखते हुए मौके पर आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं ताकि लोगों को दिक्कत ना हो।

# गांव में घुसकर गजदल ने मवेशियों ने किया हमला

**कोरबा।** कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में मौजूद हाथियों का आतंक अब बढ़ता ही जा रहा है। यहां मौजूद हाथियों का दल रेंज के कोरबी सर्किल अंतर्गत स्थित सिटी पखना गांव में घूस गया और वहां छतर सिंह नामक ग्रामीण के घर के बाहर बंधे मवेशियों पर हमला कर दिया, जिससे एक मवेशी की तत्काल मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया, जिसका उपचार पशु चिकित्सक के जरिये कराया जा रहा है। बढ़ते आतंक से ग्रामीण काफी भयभीत हैं, वहीं वनविभाग हाथियों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कोशिश में जुटा हुआ है। हाथियों ने सिटी पखना गांव में मवेशियों को मारा साथ ही खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए धान की फसल को भी बूरी तरह रौंद कर चौपट कर दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है। हाथियों द्वारा हर रोज फसल रौंदे जाने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा अब आंदोलन की तैयारी भी की जा रही है। उनका आरोप है कि वन विभाग हाथियों के उत्पात को रोकने में नाकाम है। फल स्वरूप खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। हाथी मकान हानि, जन हानी के अलावा पशुधन व फसल को काफी क्षति पहुंचा रहा है। वनविभाग के अधिकारियों के मुताबिक क्षेत्र में 48 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। हाथियों का दल दिन भर एक साथ रहता है और रात होते ही अलग-अलग बट जाता है, जिसकी वजह से हाथियों की निगरानी में काफी दिक्कतें होती है।

### बनेगी डाकोमेंट्री फिल्म, शुटिंग शुरू



इस बीच कटघोरा वन मंडल केंदई रेंज में मौजूद हाथियों पर डाकोमेंट्री फिल्म बनायी जाएगी जो हाथी-मानव द्वंद प्रबंधन विषय पर केंद्रीत होगी, इसके लिए माइक पांडेय के नेतृत्व में एक टीम केंदई-मोरगा पहुंची है जो हाथियों की शूटिंग करने के साथ ही उसे अपने कैमरे में कैद कर रहे हैं। डाकुमेंट्री फिल्म तैयार करने के बाद डीडी-1 चैनल में प्रसारित किया जाएगा। माइक पांडेय के नेतृत्व में पहुंची टीम ने कल मोरगा रेस्ट हाउस में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक से भी मुलाकात की और उन्हें डाकुमेंट्री फिल्म के संबंध में विस्तार से बताया। इस दौरान केंदई रेंजर अभिषेक दुबे एवं उनके स्टाफ भी मौजूद थे।

# पंचायत चुनाव की तैयारी सीईओ ने ली बैठक

**कोरबा।** लगातार इस प्रकार की बातें सामने आती रही है कि इस बार छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ संपन्न होंगे लेकिन अंतिम रूप से निर्णय नहीं हो सका है। फिर भी चुनाव तो कराए जाने हैं इसके लिए प्रशासन प्राथमिक तैयारी में लगा हुआ है कोरबा में विकासखंड कोरबा के सभागार में सीईओ ने इस विषय को लेकर सचिवों की बैठक ली।

स्थानीय निर्वाचन को सरकार के द्वारा त्रिस्तरी पंचायत चुनाव के लिए आवश्यक तैयारी करने को निर्देशित किया गया है। इस श्रृंखला में अलग-अलग स्तर पर तैयारी की जा रही है। मतदाता सूची को अपडेट करने के साथ दूसरे स्तर पर भी कार्य किया जा रहे हैं ताकि समय पर इस प्रकार की प्रक्रियाओं को पूरा किया जा सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ने इसी निर्देश के परिपालन में मंगलवार को विकासखंड से संबंधित पंचायत सचिवों की बैठक ली। उनकी भूमिका बूथ लेवल अधिकारी के रूप में भी है और वह अपने क्षेत्र के लिए प्रमुख रूप से काम करते हैं। इसलिए निकाय चुनाव में उनकी उपयोगिता सुनिश्चित होना है। प्रारंभिक मतदाता सूची को अपडेट करने के अलावा सभी प्रकार के संशोधन करने की प्रक्रियाएं जल्द शुरू होना है। जिले के सभी विकासखंड स्तर पर इस तरह की कोशिश की जा रही है।

### डॉ. महंत ने दी विश्वकर्मा जयंती की बधाई

**कोरबा।** प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेश के समस्त उद्यमियों एवं श्रमिक साथियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विश्वकर्मा जयंती पर अपने बधाई संदेश में कहा कि, समस्त उद्योग, श्रमिक जगत में सुख-समृद्धि प्राप्त हो यही कामना करता हूँ। मान्यताओं के अनुसार विश्वकर्मा पूजा के दिन विशेष तौर पर औजारों निर्माण कार्य से जुड़ी मशीनों, दुकानों, कारखानों आदि की पूजा की जाती है। विश्वकर्मा की पूजा से जीवन में कभी भी सुख-समृद्धि की कमी नहीं आती। डॉ. महंत ने आगे कहा कि, धार्मिक मान्यताओं अनुसार संसार की रचना ब्रह्माजी ने की है।

# एक इंच भी काम नहीं बढ़ा एल्युमिनियम पार्क के लिए

**कोरबा।** सरकारी घोषणा होना और उस पर क्रियान्वयन होना दो अलग-अलग विषय होते हैं। शायद यही कारण है कि कोरबा जिले में एल्युमिनियम पार्क की स्थापना का काम ठंडे बस्ते में चला गया है। इस वित्त वर्ष में सरकार ने कोरबा में एल्युमिनियम पार्क की स्थापना की घोषणा की थी। कई महीने बीतने पर भी प्रगति के कोई निशान नहीं हैं।

छह दशक से कोरबा में एल्युमिनियम उद्योग संचालित है जिसने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक उपलब्धि हासिल की है। रक्षा, अंतरिक्ष, विद्युत, निर्माण से लेकर विभिन्न क्षेत्र में एल्युमिनियम उत्पाद की आवश्यकता लंबे समय से सुनिश्चित हो रही है और इसी के कारण देश में नए उद्योगों की स्थापना की जा रही है जो एल्युमिनियम पर आधारित है। एल्युमिनियम उत्पादन के लिए कई सहायक चीजें जरूरी होती हैं और तब कहीं जाकर यह काम संभव हो पाता है। कोरबा में एल्युमिनियम उद्योग के कारण कई प्रकार की संभावनाएं मजबूत हो रही है इसलिए सहायक उद्योगों को पनपने और करने के लिए यहां एल्युमिनियम पार्क को जरूरी माना गया है। काफी समय से चेम्बर ऑफ कॉमर्स और अन्य संगठन इस मांग को रखते रहे हैं। प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस मांग को मंजूर किया और बालकोनगर के पास एल्युमिनियम पार्क की घोषणा की। इस दिशा में नतीजे शून्य हैं, यह इससे पता चलता है कि यह अब तक क्रियान्वयन को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं ली गई है।

### जयसिंह ने दी विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं



**कोरबा।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सृष्टि के निर्माता और महान अस्त्रों के निर्माणकर्ता देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा का कोरबावासियों सहित छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों पर वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, स्वास्थ्य, प्रसिद्धि, समृद्धि तथा दीर्घायु के लिए आशीर्वाद बना रहे। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल भगवान विश्वकर्मा की स्तुति कर भक्तों के मनोरथ पूरी करने कामना की है। उन्होने आगे कहा कि भारत के त्यौहार देश की एकता और अखण्डता के प्रतीक है, सभ्यता और संस्कृति के दर्पण हैं।

# यूथ हॉस्टल की बैठक में दो नई इकाईयों को शुरू करने की अनुमति

**कोरबा।** यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की राज्य स्तरीय बैठक बिलासपुर में रखी गई। जिसमें 9 विभिन्न इकाइयों (जिला) के 35 राज्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सर्वानुमति से दो जिलों में दो नई इकाईयों को शुरू करने की अनुमति दी गई।

प्रदेश अध्यक्ष सुनील विश्नोई एवं प्रदेश चेयरमैन संदीप सेठ ने संरक्षक श्री अटल श्रीवास्तव जी (विधायक कोटा विधानसभा) का स्वागत किया। चेयरमैन संदीप सेठ ने 2019 से 2024 तक पिछले 5 वर्षों में यूथ हॉस्टल की शाखा की प्रगति की जानकारी दी।

टीम बिलासपुर ने बैठक की मेजबानी की और सभी सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया। चेयरमैन ने बताया कि अंबिकापुर और राजनांदगांव में यूथ हॉस्टल की 2 नई इकाइयों को शुरू करने की अनुमति दी गई है। संगठन ने सत्र 2023-2024 में 72वें कार्यक्रम का आयोजन किया। वर्तमान में इसके छत्तीसगढ़ से 3000 से अधिक सदस्य हैं। बैठक में कोरबा इकाई का प्रतिनिधित्व कोरबा अध्यक्ष सतीश शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य त्रिभुवन कौशिल , राहुल गुप्ता एवं सचिव शैलेन्द्र नामदेव ने किया। बैठक में सुब्रमण्यम, सुबोध, शशांक, हुकुम जैन, वरुण , डॉक्टर निशांत, प्रियम, डॉक्टर भास्कर चौरसिया, शैलेश शुक्ला सहित लगभग 35 लोग शामिल हुए।

### अतिथि शिक्षक वेतन को तरसे

**कोरबा।** जिला अतिथि शिक्षक संघ के सदस्यों ने कलेक्टर कोरबा के नाम ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने राज्य स्तर के अतिथि शिक्षकों (विद्या मितान) को शीघ्र अति शीघ्र वेतन दिलाने की मांग की है, अतिथि शिक्षक संघ के पदअधिकारियों ने बताया कि विगत तीन माह से अतिथि शिक्षकों को वेतन नहीं मिला है जिससे सभी अतिथि शिक्षकों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने अपने आवेदन में जल्द से जल्द भुगतान करने का निवेदन किया है।

*कोरबा। कोल इंडिया लिमिटेड के सेफ्टी बोर्ड की बैठक 18 सितंबर को होगी। बैठक कोलकाता स्थित सीआईएल मुख्यालय में होगी।







































स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com